■ पौष कृष्ण - 11 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 12 ■ अंक - 151 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » गुरुवार » 26-12-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 जसप्रीत बुमराह ने रविचंद्रन अश्विन के रिकॉर्ड रेटिंग अंकों की बराबरी की

6 आगामी बजट से वरिष्ठ नागरिकों को उम्मीदें

7 रवीना टंडन ने शाहरुख खा[n] के साथ पुरानी यादें की ताज[a]

## फर्स्ट टेक

### संसद के पास व्यक्ति ने खुद को आग लगाई, 95 प्रतिशत झुलसा

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी में नये संसद भवन के पास एक व्यक्ति ने बुधवार को कथित रूप से खुद को आग लगा ली, जिससे वह 95 प्रतिशत तक जल गया और अस्पताल में उसका इलाज जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पीड़ित की पहचान जितेंद्र के रूप में हुई है और वह उत्तर प्रदेश के बागपत का रहने वाला है। उसकी उम्र करीब 30 साल है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि संसद भवन के सामने रेल भवन के पास हुई इस घटना के बारे में अपराह्न करीब 3.35 बजे सूचना मिली। उन्होंने बताया कि संसद के पास तैनात सुरक्षाकर्मी उस व्यक्ति को राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले कर गए। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति 95 प्रतिशत तक जल गया है और उसका 'बर्न डिपार्टमेंट' के गहन चिकित्सा ईकाई (आईसीयू) में इलाज किया जा रहा है।

### अमित शाह के 'निधन' की फर्जी खबर पोस्ट करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**गाजियाबाद/भाषा।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम इलाके में पुलिस ने एक व्यक्ति को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 'निधन' के बारे में सोशल मीडिया पर फर्जी खबर पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि आरोपी की पहचान मुरादाबाद जिले के निवासी रोहित (34) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी व्यक्ति को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पदाधिकारी अनिल शर्मा द्वारा शिकायत दर्ज कराये जाने के बाद गिरफ्तार किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त (इंदिरापुरम) स्वतंत्र कुमार सिंह के अनुसार भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### रूस ने क्रिसमस के दिन यूक्रेन की विद्युत प्रणाली को निशाना बनाया

**कीव/एपी।** रूस ने बुधवार को यूक्रेन की विद्युत प्रणाली को निशाना बनाते हुए बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया। हमले में एक ताप बिजली संयंत्र को निशाना बनाया गया और यूक्रेनी लोगों को क्रिसमस की सुबह मेट्रो स्टेशनों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि यूक्रेन के ईंधन और ऊर्जा स्रोतों पर हवा, जमीन और समुद्र से 78 मिसाइल दागे जाने के साथ ही 106 'शाहेद' और अन्य प्रकार के ड्रोन से हमले किये गये। इस बीच, रूस में व्लादिकाव्काज शहर में गिराए गए एक ड्रोन का मलबा गिरने से एक शॉपिंग मॉल में आग लग गई, जिससे एक महिला की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए।

| सूर्यास्त 24-12-2024 | सूर्योदय 25-12-2024 |
|---|---|
| 5:50 बजे | 6:29 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 78,472.87 | 23,727.65 |
| (-67.30) | (-25.80) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 8,014 रु. | 100,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# अंबेडकर की दूरदर्शिता ने देश के जल संसाधनों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया

## प्रधानमंत्री मोदी ने केन-बेतवा परियोजना की आधारशिला रखी

### अंबेडकर की दूरदर्शिता को सराहा, कांग्रेस पर निशाना साधा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**खजुराहो (मप्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मध्यप्रदेश में 'केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना' की आधारशिला रखते हुए देश में जल संसाधनों के विकास में डॉ. बी.आर. अंबेडकर के योगदान को नजरअंदाज करने का कांग्रेस पर आरोप लगाया। मोदी ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि 21वीं सदी में केवल वे देश और क्षेत्र ही आगे बढ़ सकते हैं, जिनके पास पर्याप्त और अच्छी तरह से प्रबंधित जल संसाधन हैं।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी अंबेडकर के बारे में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर विवाद और इस मुद्दे पर विपक्षी कांग्रेस के देशव्यापी विरोध के बीच आई है।

मोदी ने कहा, ''अंबेडकर की दूरदर्शिता और सोच ने देश के जल संसाधनों को मजबूत करने, उनके प्रबंधन और बांध निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।'' उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने प्रमुख नदी घाटी परियोजनाओं के विकास और केंद्रीय जल आयोग के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, ''किसी से भी पूछिए....देश को आजादी मिलने के बाद जलशक्ति जैसे दूरदर्शी विषय के बारे में किसने सोचा? मेरे पत्रकार मित्र भी इसका उत्तर नहीं दे पाएंगे, क्योंकि एक व्यक्ति को श्रेय देने के नशे में सच्चे सेवक को भूला दिया गया और सच्चाई को दबा, छिपाकर रखा गया....भारत के जल संसाधन, बांधों का निर्माण, इन सबके पीछे एक महापुरुष बाबासाहेब अंबेडकर की दूरदृष्टि थी।''

मोदी ने दावा किया, ''कांग्रेस ने लंबे समय तक शासन किया, लेकिन जल संरक्षण और बड़े बांधों से जुड़े प्रयासों के लिए बाबासाहेब को कभी श्रेय नहीं दिया।'' मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की जल संरक्षण की बढ़ती जरूरतों पर कभी ध्यान नहीं दिया और जल संरक्षणवादी के रूप में अंबेडकर के प्रयासों को कभी मान्यता नहीं दी।

उन्होंने कहा, ''इक्कीसवीं सदी की सबसे बड़ी चुनौती जल सुरक्षा है। इक्कीसवीं सदी में केवल वही देश और क्षेत्र आगे बढ़ेंगे, जिनके पास उचित प्रबंधन के साथ पर्याप्त जल संसाधन होंगे।''

#### वाजपेयी कार्यकर्ताओं के लिए शिक्षक रहे

मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी-नीत सरकार द्वारा की गई विकास परियोजनाओं के बारे में बात करते हुए मोदी ने कहा कि वाजपेयी वर्षों तक उनके जैसे कई कार्यकर्ताओं के लिए शिक्षक रहे। उन्होंने सुझाव दिया कि विद्वानों और विश्लेषकों को 100-200 मापदंडों का चयन करना चाहिए और विभिन्न सरकारों, कांग्रेस, वामपंथी, परिवारवादी दलों और गठबंधनों के प्रदर्शन का आकलन करना चाहिए।

मोदी ने कहा, ''.....और उनकी तुलना भाजपा द्वारा किए गए कार्यों से करें। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि जहां भी भाजपा को सेवा करने का अवसर मिला है, हमने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और जन कल्याण एवं विकास कार्यों में सफलता हासिल की है।''

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सुशासन एक साथ नहीं चल सकते, क्योंकि पिछली कांग्रेस सरकारों ने परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद 35-40 साल तक इसमें कुछ नहीं किया और देरी की। उन्होंने कांग्रेस पर इन योजनाओं को लागू करने में दृढ़ संकल्प की कमी का आरोप लगाया।



# देशभर में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** देश भर में क्रिसमस का त्योहार श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान लोग गिरजाघरों में एकत्र हुए और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। उत्सव की शुरुआत विभिन्न गिरजाघरों में मध्यरात्रि प्रार्थना सभा, चर्च के घंटों के नाद और कैरोल के गायन के साथ हुई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर लोगों को बधाई दी और उनकी शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आप सभी को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं।'' मोदी ने लिखा, ''प्रभु यीशु मसीह की शिक्षाएं सभी को शांति और समृद्धि का मार्ग दिखाएं।''

प्रधानमंत्री ने सोमवार को नई दिल्ली में कैथलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) द्वारा आयोजित क्रिसमस समारोह में हिस्सा लिया था। उन्होंने इस कार्यक्रम से जुड़ा एक वीडियो भी साझा किया।

लगभग 30 प्रतिशत ईसाई आबादी वाले गोवा में मध्यरात्रि से ही हजारों श्रद्धालु प्रभु यीशु के जन्म का जश्न मनाने के लिए गिरजाघर पहुंचे। उन्होंने प्रार्थना की और यीशु मसीह की स्तुति में कैरोल का गायन किया। लोगों ने अपने घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को रंगीन रोशनी से सजाया और प्रभु यीशु के जन्म का चित्रण करते हुए सुंदर पालने तैयार किये।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार शांति, करुणा और सद्भाव के मूल्यों की शिक्षा देता है। मंगलवार को अपने क्रिसमस संदेश में, गोवा और दमन के आर्कबिशप फादर फिलिप नेरी कार्डिनल फेराओ ने कहा कि दुनिया में अकसर युद्ध, विभाजन और पीड़ा का साया रहता है, लेकिन यीशु का जन्म ''हमें याद दिलाता है कि ईश्वर हमारे साथ हैं।''

ईसाई बहुल मिजोरम में क्रिसमस धार्मिक एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। मिजोरम सरकार ने शांतिपूर्ण और प्रदूषण मुक्त उत्सव सुनिश्चित करने के लिए पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

# अफगानिस्तान में पाकिस्तान के हवाई हमलों में 46 लोगों की मौत



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पेशावर/एपी।** पूर्वी अफगानिस्तान में पाकिस्तान के हवाई हमलों में 46 लोगों की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने बुधवार को यह जानकारी दी।

फितरत ने बताया कि पाकिस्तान की सीमा से सटे पकतीका प्रांत के बरमाल जिले में चार ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए हमलों में मारे गए लोग शरणार्थी थे। उन्होंने कहा कि इन हमलों में छह लोग घायल भी हुए हैं।

ये हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब पाकिस्तान के सुरक्षा अधिकारियों ने एक दिन पहले नाम न उजागर करने की शर्त पर 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को बताया था कि मंगलवार का अभियान पकतीका में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के एक संदिग्ध प्रशिक्षण शिविर को नष्ट करने और आतंकवादियों का सफाया करने के लिए चलाया गया था।

इससे पहले, टीटीपी के प्रवक्ता मोहम्मद खुरासानी ने एक बयान में दावा किया कि हमलों में 27 महिलाओं और बच्चों सहित 50 लोगों की जान चली गई। उसने कहा कि मृतकों में 'निहत्थे शरणार्थी' शामिल हैं, जो उत्तर-पश्चिम में पाकिस्तान के हमलों के कारण भागकर अफगानिस्तान आ गए थे।

टीटीपी ने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं और आरोप लगाया कि ये पाकिस्तानी हमलों में मारे गए बच्चों की हैं।

ये हमले अफगानिस्तान के लिए पाकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि मोहम्मद सादिक द्वारा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के वास्ते काबुल की यात्रा करने के कुछ घंटों बाद हुए।

# 'पुष्पा-2' के निर्माताओं ने भगदड़ पीड़िता महिला के परिवार को दो करोड़ रुपए की सहायता दी

**हैदराबाद/भाषा।** अभिनेता अल्लू अर्जुन और फिल्म 'पुष्पा' के निर्माताओं ने चार दिसंबर को यहां संध्या सिनेमाघर में फिल्म दिखाये जाने के दौरान मची भगदड़ में जान गंवाने वाली महिला के परिवार को दो करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता देने की बुधवार को घोषणा की। इस बीच, तेलंगाना राज्य फिल्म विकास निगम (एफडीसी) के अध्यक्ष और प्रमुख निर्माता दिल राजू ने कहा कि सरकार और फिल्म जगत के बीच अच्छे संबंधों को बढ़ावा दिए जाने के लिए फिल्म हस्तियों का एक प्रतिनिधिमंडल तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए.रेवंत रेड्डी से बृहस्पतिवार को मुलाकात करेगा। अल्लू अर्जुन के पिता और निर्माता अल्लू अरविंद, दिल राजू और अन्य लोगों ने निजी अस्पताल गए। भगदड़ में घायल हुए लड़के का इस अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

# देश की प्रगति विरोधी ताकतों को हराने के लिए 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से काम करें



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को नागरिकों से ''राष्ट्र प्रथम'' की मानसिकता अपनाने की जरूरत पर जोर दिया ताकि देश की प्रगति में बाधा डालने वाली आंतरिक और बाहरी दोनों तरह की ताकतों का मुकाबला किया जा सके।

धनखड़ ने तेलंगाना के मेडक जिले में जैविक तरीके अपनाने वाले किसानों के एक सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि लोकतंत्र में समस्याओं के समाधान के लिए बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा, ''आज मैं देख रहा हूं कि किसान कुछ मुद्दों को लेकर चिंतित हैं। अगर समाज का कोई वर्ग चिंतित है तो उसका सकारात्मक तरीके से और बिना देरी के समाधान करना जरूरी है। लोकतंत्र में मुद्दों को सुलझाने का एकमात्र तरीका बातचीत है। मैंने कई मौकों पर कहा है कि लोकतंत्र में बातचीत के जरिए ही समस्याओं का समाधान खोजा जाना चाहिए।''

धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने संबोधन में बातचीत की वकालत की है। उन्होंने कहा कि दुनिया में जो संघर्ष देखने को मिल रहे हैं उन्हें बातचीत के माध्यम से ही समाप्त कराया जा सकता है।

धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक भारतीय को ''देश विरोधी ताकतों को हराने के लिए राष्ट्रवाद में अटूट विश्वास बनाए रखना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''चालें चली जा रही हैं... मैं अपने चारों ओर भारत की प्रगति विरोधी ताकतों का एक भयावह संगम देख रहा हूं।'' उन्होंने कहा कि ऐसी ताकतें एक विमर्श पेश करती हैं, जो बाद में बड़ा रूप ले लेती हैं। उन्होंने नागरिकों से ऐसी परिस्थितियों में ''राष्ट्रवाद में अटूट विश्वास'' बनाए रखने का आह्वान किया।

# अजरबैजान एयरलाइन्स का विमान कजाखस्तान में दुर्घटनाग्रस्त

### 38 लोगों की मौत, 29 लोग अस्पताल में भर्ती



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मॉस्को/एपी।** कजाखस्तान में अकताऊ शहर के निकट अजरबैजान एयरलाइन्स का एक विमान बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे 38 लोगों की मौत हो गई। कजाखस्तान के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

रूस की समाचार एजेंसी 'इंटरफैक्स' के अनुसार, उपप्रधानमंत्री कनात बोजुम्बायेव ने अजरबैजान के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान मृतकों की संख्या का खुलासा किया।

अजरबैजान के महाभियोजक कार्यालय ने पहले कहा था कि विमान में सवार 67 लोगों में से 32 लोग बच गए हैं।

अजरबैजान एयरलाइन्स ने पहले कहा था कि उसके 'द एंब्रेयर' 190 विमान को आपात स्थिति में शहर से तीन किलोमीटर दूर उतरना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि विमान ने अजरबैजान की राजधानी बाकू से रूस के शहर ग्रोंजी के लिए उड़ान भरी थी।

रूस की संघीय हवाई परिवहन एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि प्रारंभिक सूचना से पता चलता है कि विमान से एक पक्षी के टकराने के बाद पायलट ने विमान को अकताऊ की ओर मोड़ने का फैसला किया और आपात स्थिति में उसे उतारना पड़ा। कजाखस्तान के आपात स्थिति संबंधी मंत्रालय ने 'टेलीग्राम' पर जारी एक बयान में कहा कि विमान में सवार लोगों में चालक दल के पांच सदस्य शामिल थे। मंत्रालय ने 'रिया नोवोस्ती' को बताया कि दो बच्चों समेत कुल 29 लोग अस्पताल में भर्ती हैं।

रूस की एक अन्य समाचार एजेंसी 'इंटरफैक्स' ने

## श्रद्धांजलि




पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए बुधवार को उनके स्मारक पर आयोजित प्रार्थना सभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल हुए। इस मौके पर 'सदैव अटल' में गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा समेत अन्य केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। इनके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी दलों से आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, जनता दल (यूनाइटेड) नेता ललन सिंह और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) से जीतन राम मांझी ने भी अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर भाजपा ने देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये। इन कार्यक्रमों में पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के अलावा संगठन के नेता भी शामिल हुए।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### बेचारा वोटर

सभी कह रहे हम ही जीते,
कौन यहां फिर हारा।
सबकी अपनी ढपली रागें,
गणित सभी का न्यारा।
कोई कहे मशीनें झूठी,
किसे वक्त ने मारा।
सबकी सुन-सुन आज दिख रहा,
वोटर खुद बेचारा।।

# कांग्रेस ने विभिन्न मौकों पर अंबेडकर का अपमान किया है : केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** कांग्रेस द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर संविधान के सिद्धांतों का दुरुपयोग करने और बी.आर. अंबेडकर का अपमान करने के आरोपों पर आपत्ति जताते हुए केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बुधवार को कहा कि यह देश की सबसे पुरानी पार्टी है जिसने विभिन्न मौकों पर संविधान के मुख्य निर्माता का अपमान किया है।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर यहां आयोजित समारोह में रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र की बड़ी-बड़ी बातें करती है, लेकिन आपातकाल के दौरान उसने कई नेताओं और पत्रकारों को जेल में डालकर लोकतंत्र और संविधान की भावना को कुचल दिया था। उन्होंने कहा, भाजपा को लोकतंत्र, संविधान और अंबेडकर पर उनकी (कांग्रेस) मान्यता की जरुरत नहीं है। कांग्रेस ने हर मौके पर बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान किया है। जब अंबेडकर ने चुनाव लड़ा तो कांग्रेस ने उन्हें (अंबेडकर को) हरवाया। मंत्री पद से इस्तीफा दिलाने के पीछे जवाहरलाल नेहरू का हाथ था।

रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया और न ही इस सबसे पुरानी पार्टी ने संसद के सेंट्रल हॉल में उनकी तस्वीर लगने दी।

भाजपा की तेलंगाना ईकाई के अध्यक्ष किशन रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने अंबेडकर से जुड़े पांच प्रतिष्ठित स्थानों को 'पंचतीर्थ' घोषित कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ऐसा व्यवहार किया है जैसे केवल नेहरू परिवार के सदस्यों को ही देश पर शासन करने का अधिकार है और उसने अंबेडकर से लेकर मोदी तक हर नेता का अपमान किया है।

किशन रेड्डी ने कहा कि वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित समारोह के दौरान लोगों को कांग्रेस और उसकी लोकतंत्र विरोधी, तानाशाही, परिवारवादी और भ्रष्ट राजनीति का असली रंग दिखाया जाना चाहिए।

किशन रेड्डी ने कांग्रेस पर ऐसे समय में ये आरोप लगाए हैं जब कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में अंबेडकर के प्रति की गई कथित ''अपमानजनक'' टिप्पणियों के खिलाफ मंगलवार को प्रदर्शन किया था।

कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि भाजपा संविधान को बदलने की कोशिश कर रही है।

## जम्मू-कश्मीर: रोपवे परियोजना के खिलाफ पटरा में 72 घंटे का बंद शुरू

**रियासी/जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा में प्रस्तावित रोपवे परियोजना के खिलाफ प्रदर्शन और 72 घंटे के बंद के दौरान पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया। श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति ने बंद का आह्वान किया और कहा कि इस दौरान कटरा में सभी गतिविधियां निलंबित रहेंगी।

समिति के नेता भूपिंदर सिंह और सोहन चंद के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने शहर में विरोध मार्च निकाला और श्राइन बोर्ड तथा प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए, उन पर अड़ियल रवैया अपनाने का आरोप लगाया। पुलिसकर्मियों ने जब प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोका, तो दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस सिंह और चंद समेत कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत लेकर, वाहन में बिठाकर ले गई। सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार इस मुद्दे से भटका रही है और कटरा के लोगों को सड़कों पर आने के लिए मजबूर कर रही है। उन्होंने कहा, हम हजारों लोगों की नौकरियां बचाने के लिए इस परियोजना को बंद करने की मांग कर रहे हैं। प्रशासन ने हमसे जो वादा किया था, उसके अनुसार हमसे बातचीत करने के बजाय वे हमें हिरासत में लेने के लिए पुलिस का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। पूर्व मंत्री जुगल किशोर ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ ''बल प्रयोग'' की आलोचना की।



## ऊर्जा क्षेत्र के लिए अगले 25 साल का खाका तैयार किया है: देवेन्द्र फडणवीस

**नागपुर/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के ऊर्जा क्षेत्र के लिए अगले 25 साल का खाका तैयार किया है। उन्होंने यहां 'प्रेस से मुलाकात' कार्यक्रम में कहा कि राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के तहत गरीब लोगों को दिए जाने वाले मकानों में सौर ऊर्जा सुविधा उपलब्ध कराने की योजना बना रही है। फडणवीस के पास ऊर्जा विभाग का प्रभार भी है। उन्होंने कहा कि अगले दो-तीन साल में बिजली की दरें कम करने की भी कोशिश की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा, ऊर्जा क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है और हमने इसके लिए अगले 25 साल का खाका तैयार किया है। उन्होंने कहा, हमारी योजना यह भी है कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत गरीबों को दिए जाने वाले मकानों का बिजली का बिल न आए। इन मकानों को सौर ऊर्जा के तहत लाया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि वह लंबित परियोजनाओं (खासकर सिंचाई क्षेत्र से जुड़ी) को शीघ्र पूरा करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## हिमाचल प्रदेश में हिमपात से 226 सड़कें बंद

**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में बर्फबारी के बाद तीन राष्ट्रीय राजमार्गों समेत कुल 226 सड़कें बंद कर दी गई हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रदेश के जोत में न्यूनतम तापमान में कुछ डिग्री सेल्सियस की गिरावट के कारण लोग कड़ाके की ठंड की वजह से ठिठुरते रहे, जहां पिछले 24 घंटों में 10 सेमी हिमपात हुआ। इसके बाद खदराला में पांच सेमी, पूह में दो सेमी, सांगला में 1.2 सेमी और केलांग में एक सेमी बर्फबारी हुई।

हिमाचल प्रदेश में लाहौल और स्पीति जिले का ताबो सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां रात का तापमान शून्य से 10.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि अटारी और लेह, कुल्लू जिले में सैंज से औट, किन्नौर जिले में खाब संगम और लाहौल और स्पीति जिले में ग्रामफू सहित तीन राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कुल 226 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गईं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, शिमला जिले में सबसे अधिक 123 सड़कें, लाहौल और स्पीति में 36 और कुल्लू में 25 सड़कें बंद हैं। इसके अलावा, 173 ट्रांसफार्मर बाधित हो गए, जिससे पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई।

## महरौली पुरातत्व उद्यान के अंदर की संरचनाएं धार्मिक महत्व रखती हैं: एएसआई ने न्यायालय से कहा

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने उच्चतम न्यायालय को बताया है कि महरौली पुरातत्व उद्यान के अंदर दो संरचनाएं धार्मिक महत्व रखती हैं, क्योंकि मुस्लिम श्रद्धालु प्रतिदिन आशिक अल्लाह दरगाह और 13वीं शताब्दी के सूफी संत बाबा फरीद की चिल्लागाह पर आते हैं। उच्चतम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत रिपोर्ट में एएसआई ने कहा कि शेख शहीबुद्दीन (आशिक अल्लाह) की कब्र पर लगे शिलालेख के अनुसार इसका निर्माण 1317 ईसवीं में हुआ था। एएसआई ने कहा, पुनर्स्थापना और संरक्षण के लिए किए गए संरचनात्मक संशोधनों और परिवर्तनों ने इस स्थान की ऐतिहासिकता को प्रभावित किया है। एएसआई ने दलील दी कि यह मकबरा पृथ्वीराज चौहान के किले के नजदीक स्थित है और प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्व स्थल एवं अवशेष अधिनियम के अनुसार 200 मीटर के विनियमित क्षेत्र में आता है। इसने कहा कि किसी भी मरम्मत, नवीनीकरण या निर्माण कार्य को सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही किया जाना चाहिए।

रिपोर्ट में कहा गया है, इन दोनों संरचनाओं में अक्सर लोग आते हैं। श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी होने पर आशिक दरगाह पर दीये जलाते हैं। इसमें कहा गया है कि चिल्लागाह एक विशेष धार्मिक समुदाय की धार्मिक भावना और आस्था से भी जुड़ा हुआ है। उच्चतम न्यायालय जमीर अहमद जुमलाना की याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें दिल्ली के महरौली पुरातत्व उद्यान के अंदर सदियों पुरानी धार्मिक संरचनाओं के संरक्षण का अनुरोध किया गया है। इन संरचनाओं में 13वीं शताब्दी की आशिक अल्लाह दरगाह (1317 ईसवीं) और बाबा फरीद की चिल्लागाह भी शामिल है।

## दिल्ली के लोग आप से असंतुष्ट, भाजपा को देंगे वोट: मनोज तिवारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने दावा किया है कि दिल्ली के लोग आम आदमी पार्टी (आप) के शासन से असंतुष्ट हैं और वे आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट देंगे।

तिवारी ने पीटीआई की वीडियो सेवा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि आप सरकार दिल्लीवासियों की समस्याओं का समाधान करने में विफल रही है और वह राजधानी की बदहाली के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने आरोप लगाया, दिल्ली में हर व्यक्ति आप के शासन और प्रदूषित पानी, जहरीली हवा, यमुना की स्थिति, वरिष्ठ नागरिकों के लिए लंबित पेंशन, झूठे वादे और चरमराई राशन कार्ड प्रणाली जैसे मुद्दों से परेशान है। तिवारी ने कहा, पिछले 10 वर्षों में, शहर में प्रदूषित पानी के कारण 21,000 लोगों की मौत हुई है। मुद्दों को हल करने के बजाय, केजरीवाल ने दिल्ली को कर्ज में धकेल दिया है। लोग अब उनके नए वादों पर भरोसा करने के बजाय उनकी सरकार का मूल्यांकन कर रहे हैं। भाजपा सांसद ने केजरीवाल की आलोचना करते हुए कहा कि वह लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने जैसे बुनियादी मुद्दों को हल करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा, 10 साल तक शासन करने के बाद भी वह साफ पानी मुहैया कराने की बात करते हैं। दिल्लीवासियों को अब गुमराह नहीं किया जा सकता।

तिवारी ने अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या प्रवासियों के मुद्दे पर भी केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, केजरीवाल ने अवैध प्रवासियों को मतदाता बनाने में मदद की। यही कारण है कि लोगों को आश्चर्य होता है कि जनता के असंतोष के बावजूद आप कैसे जीत गई। तिवारी ने कहा कि चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों की जल्दी घोषणा करना जीत की गारंटी नहीं है। उन्होंने कहा, आप ने अपने उम्मीदवारों की जल्दी घोषणा करके, अपने मौजूदा विधायकों को दरकिनार कर और उन पर विश्वास न होने का प्रदर्शन कर अपनी खामियां उजागर कर दी हैं। इसके बजाय, उसने कई बाहरी लोगों को टिकट दिया है।

### औचक निरीक्षण — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को यहां दो प्रमुख अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर उनके कामकाज का जायजा लिया तथा सुविधाओं और रोगी देखभाल में सुधार के लिए मौके पर ही निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि अब्दुल्ला ने बारजुल्ला में बोन एंड ज्वॉइंट अस्पताल और बेमिना में 500 बिस्तरों वाले बाल अस्पताल का दौरा किया और मरीजों एवं उनके तिमारदारों को प्रदान की जा रही सुविधाओं और सेवाओं की जानकारी हासिल की।




## केंद्र ने 10 हजार नए 'पैक्स' शुरू किए, पांच साल से पहले दो लाख का लक्ष्य: शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को 10,000 नई बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) की शुरुआत की। इस मौके पर शाह ने कहा कि सरकार पांच साल की समयसीमा से पहले दो लाख ऐसी समितियां स्थापित करने का अपना लक्ष्य हासिल कर लेगी।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि जब तक सहकारी समितियां पंचायत स्तर पर प्रभावी ढंग से काम नहीं करेंगी, तब तक सहकारिता के जरिये समृद्धि हासिल नहीं की जा सकती।

मंत्री ने कहा, हमने पांच साल में दो लाख पैक्स स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम पांच साल से पहले यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। तीन महीने में हमने 10,000 नए पैक्स स्थापित किए हैं।

इस पहल को दो चरणों में शुरू किया जाएगा, जिसमें पहले चरण में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) 32,750 नए एम-पैक्स स्थापित करेगा, जबकि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) 56,500 डेयरी सहकारी समितियां और राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) 6,000 मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में, नाबार्ड 45,000 एम-पैक्स बनाएगा, एनडीडीबी 46,000 डेयरी सहकारी समितियां और एनएफडीबी 5,500 मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करेगा। राज्य सरकारें लगभग 25,000 नई सहकारी समितियां बनाएंगी। शाह ने बंद पड़े पैक्स के परिसमापन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी की, जिससे 15,000 गांवों में नई समितियां स्थापित की जा सकेंगी।

## सिनेमाघर भगदड़ मामला: हैदराबाद पुलिस ने गलत सूचना, वीडियो साझा करने को लेकर चेताया

**हैदराबाद/भाषा।** हैदराबाद पुलिस ने बुधवार को चेतावनी जारी कर कहा कि 'संध्या' सिनेमाघर में हुई भगदड़ की घटना के संबंध में सोशल मीडिया पर गलत सूचना प्रसारित करने या भ्रामक वीडियो पोस्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि उसके संज्ञान में आया है कि कुछ लोगों ने इस तरह के फर्जी वीडियो पोस्ट किए हैं जिनमें दावा किया गया है कि चार दिसंबर को अभिनेता अल्लू अर्जुन के सिनेमाघर में पहुंचने से पहले ही भगदड़ मच गई थी।

पुलिस ने कहा कि उसने जांच के बाद सामने आए ''तथ्यों' का एक वीडियो पूर्व में जारी किया है।

पुलिस ने कहा, हालांकि, हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ लोगों ने जानबूझकर सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किए हैं जिनमें दावा किया गया कि भगदड़ अल्लू अर्जुन के पहुंचने से पहले मची थी। जानबूझकर गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ हम कानूनी कार्रवाई करेंगे।

पुलिस ने कहा कि मामले में जांच की जा रही है और ऐसे में जानबूझकर भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ वह कानूनी कार्रवाई करेगी।

लोगों से अफवाहों पर भरोसा न करने की अपील करते हुए पुलिस ने आग्रह किया कि अगर किसी के पास इस मामले से संबंधित सबूत या अतिरिक्त जानकारी है तो वे उन्हें दे सकते हैं।

## इंडिगो की उड़ान सेवाओं से 2024 में 11.2 करोड़ लोगों के यात्रा करने की उम्मीद : सीईओ



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो की उड़ानों से इस साल (2024 में) 11.2 करोड़ लोगों के यात्रा करने की उम्मीद है। इंडिगो के प्रमुख पीटर एल्बर्स ने यह बात कही है।

उन्होंने कहा कि इंडिगो वैश्विक विमानन क्षेत्र में अग्रणी कंपनी बनने की राह पर है। पिछले साल (2023 में) देश की सबसे बड़ी एयरलाइन से 10 करोड़ से अधिक लोगों ने यात्रा की थी।

भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से है और घरेलू बाजार में 63.6 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली इंडिगो अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का भी विस्तार कर रही है। साल 2025 के लिए संभावनाओं पर इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एल्बर्स ने पीटीआई-भाषा से कहा कि छोटे आकार के ए321 एक्सएलआर विमान अगले साल आएंगे। ये विमान लंबी दूरी तक उड़ान भर सकते हैं और इससे एयरलाइन को लंबी अवधि की सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने में मदद मिलेगी।

करीब 18 साल से उड़ान भर रही इंडिगो के पास 400 से ज्यादा विमानों का बेड़ा है और उसने 30 बड़े आकार के ए350-900 विमानों का ऑर्डर दिया है। एल्बर्स ने कहा, एक इतनी युवा एयरलाइन को 2024 में 11.2 करोड़ से अधिक यात्रियों का स्वागत करने की उम्मीद है। पिछले साल 10 करोड़ वार्षिक ग्राहकों का आंकड़ा पार कर गया। भारत को विमानन केंद्र के रूप में स्थापित करने के दृष्टिकोण को देखते हुए उन्होंने कहा कि एयरलाइन विमानन क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी कंपनियों में से एक बनने की राह पर है।

## गोमैकेनिक 700 करोड़ रुपए राजस्व का लक्ष्य पाने के बाद लाएगी आईपीओ: सीईओ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** यात्री वाहनों की सर्विसिंग एवं मरम्मत सेवाएं देने वाली कंपनी गोमैकेनिक को उम्मीद है कि वर्ष 2027 तक उसका शुद्ध राजस्व तीन गुना होकर 700 करोड़ रुपए पर पहुंच जाएगा। इसके बाद वह शेयर बाजार में सूचीबद्धता का रुख करेगी।

गोमैकेनिक के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिमांशु अरोड़ा ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि कंपनी की वाहन सर्विसिंग बाजार में फिलहाल करीब तीन प्रतिशत हिस्सेदारी है जिसे अगले तीन वर्षों में बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है।

गोमैकेनिक ने वित्त वर्ष 2023-24 में 210 करोड़ रुपए का राजस्व कमाया था, जबकि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसने 85 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया।

अरोड़ा ने कहा, अभी हमारी बाजार हिस्सेदारी करीब तीन प्रतिशत पर है और 2027 तक यह करीब 10 प्रतिशत हो जाएगी। हमें उम्मीद है कि 2027 तक हमारा ब्रांड लगभग 700 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित करेगा। हमारा मानना है कि गोमैकेनिक की कहानी का अगला स्वाभाविक कदम आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) होगा।

कंपनी वर्तमान में 125 शहरों में 800 गैराज के जरिये सेवाएं देती है और 2027 तक 500 शहरों में 2,500 गैराज तक विस्तार करने की योजना बना रही है।

कंपनी दोपहिया और इलेक्ट्रिक वाहन सेवा क्षेत्र में भी कदम रखते हुए अपनी पेशकश को विविधतापूर्ण बनाने पर विचार कर रही है।

गोमैकेनिक का मार्च, 2023 में लाइफलॉन्ग ग्रुप की अनुषंगी सर्विजी ने अधिग्रहण किया था। इसके पिछले प्रबंधन के तहत वित्तीय रिकॉर्ड में गड़बड़ियां पाए जाने के बाद निवेशकों ने फर्म की बिक्री का फैसला किया था।

## धान चोरी के आरोप में युवक की पीट पीटकर हत्या, तीन महिलाओं समेत 13 गिरफ्तार

**धमतरी/भाषा।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में धान चुराने के आरोप में ग्रामीणों ने एक युवक को पीट पीटकर मार डाला और पांच अन्य को घायल कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में तीन महिलाओं समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के सिरसिदा गांव में ग्रामीणों ने धान चोरी के आरोप में कार्तिक पटेल (19) की पीट पीटकर हत्या कर दी तथा ओंकार साहू, संजय साहू, देवेंद्र साहू, धनेश्वर निषाद और एक अन्य को घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि 22 दिसंबर की रात में कुछ ग्रामीणों ने गांव के भीखम साहू के घर से तीन बोरी धान चुराने के आरोप में ओंकार साहू को पकड़ लिया और उससे पूछताछ की। उन्होंने बताया कि जब ओंकार ने बताया कि उसके साथ कार्तिक पटेल और अन्य युवक भी थे तब लाठी-डंडे से लैस ग्रामीण वहां पहुंचे और युवकों को घर से बाहर निकालकर उनकी पिटायी शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीणों ने युवकों को 22 दिसंबर की रात से 23 दिसंबर की सुबह तक लाठी डंडे से पीटा।

# अन्ना विश्वविद्यालय की छात्रा का यौन उत्पीड़न, छात्र संगठन ने किया विरोध प्रदर्शन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** अन्ना विश्वविद्यालय में एक छात्रा के अज्ञात व्यक्तियों द्वारा किये गये कथित यौन उत्पीड़न की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय के अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव जे. प्रकाश ने एक बयान में कहा कि जांच में पुलिस को पूरा सहयोग दिया जा रहा है।

इस बीच, एक छात्र संगठन ने कार्रवाई की मांग को लेकर सरकारी विश्वविद्यालय परिसर के सामने विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने इस मामले पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

## अन्ना विश्वविद्यालय की छात्रा का 'यौन उत्पीड़न', आरोपी बिरयानी विक्रेता गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई की एक छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में फुटपाथ पर बिरयानी बेचने वाले 37 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पीड़िता विश्वविद्यालय से संबद्ध एक इंजीनियरिंग महाविद्यालय की छात्रा है। उसने अपनी शिकायत में कहा कि 23 दिसंबर, 2024 को रात करीब आठ जब वह महाविद्यालय परिसर में एक इमारत के पीछे अपने पुरुष मित्र से बात कर रही थी, तब उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति ने धमकी दी और उसका यौन उत्पीड़न किया।

ग्रेटर चेन्नई महानगर पुलिस ने एक बयान में बताया कि पीड़िता ने कोट्टूरपुरम महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई और मामला दर्ज कर लिया गया। बयान के मुताबिक जांच के लिए चार विशेष टीम गठित की गई हैं। बयान के मुताबिक, जांच के दौरान, वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर, कोट्टूर (महाविद्यालय के पास का एक इलाका) के गणसेकरन को इस अपराध के लिए गिरफ्तार किया गया है। संदिग्ध ने अपना इकबालिया बयान दिया है। वह फुटपाथ पर बिरयानी की दुकान चलाता है।

पुलिस ने बताया कि वे इस कोण से भी जांच कर रहे हैं कि क्या आरोपी अन्य अपराधों में भी शामिल तो नहीं रहा है। विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) के सहयोग से जांच जारी है। बयान के मुताबिक, विश्वविद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। पुलिस ने कहा कि विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श के बाद छात्रों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए उचित कार्रवाई की जाएगी और संयुक्त रूप से ''सुरक्षा की समीक्षा'' की जाएगी। अन्ना विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार जे. प्रकाश ने कहा कि संस्थान पुलिस को जांच में पूरा सहयोग दे रही है और आईसीसी ने भी जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय प्रशासन पुलिस जांच में पूरा सहयोग दे रहा है।

इस बीच, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वुमेन एसोसिएशन (एआईडीडब्ल्यूए) ने कार्रवाई की मांग करते हुए राज्य द्वारा संचालित विश्वविद्यालय परिसर के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में शामिल एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि छात्रा का परिसर के अंदर ''दो बाहरी लोगों द्वारा'' यौन उत्पीड़न किया गया।

इस घटना पर तीखी राजनीतिक प्रतिक्रियाएं आई हैं। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव ई. के. पलानीस्वामी ने घटना पर दुख जताया और कहा कि यह शर्मनाक'' है कि बर्बरता हुई और वह भी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय परिसर में।

राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पलानीस्वामी ने कहा कि यह घटना दर्शाती है कि कानून-व्यवस्था की स्थिति कितनी खराब हो गई है। उच्च शिक्षा मंत्री गोवी चेझियान ने इस घटना का 'राजनीतिकरण' करने का प्रयास के लिए विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, त्वरित कार्रवाई की जा रही है। अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर की जाने वाली कार्रवाई तय की जाएगी।

राज्य में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के प्रवक्ता ए. सरवनन ने कहा कि यह घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और ऐसा नहीं होना चाहिए था। उन्होंने भरोसा जताया कि पुलिस ने तेजी से कार्रवाई की है, प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। सत्तारूढ़ दल की सहयोगी पार्टियों भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने घटना की निंदा की और दोषियों के लिए कड़ी सजा की मांग की। भारतीय जनता पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने भी घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि घटना के समय पीड़िता और एक अन्य छात्र परिसर के अंदर ही थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय सीसीटीवी काम नहीं कर रहे थे।

भाजपा नेता ने कहा कि यह अपराध तमिलनाडु में कानून और व्यवस्था तथा प्रशासन की ''वर्तमान स्थिति'' को दर्शाता है। पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के संस्थापक नेता एस. रामदास ने आरोप लगाया कि द्रमुक के द्रविड़ मॉडल शासन में अपराधियों के अलावा अन्य किसी को सुरक्षा नहीं है।

### जन्म शताब्दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




25 दिसम्बर को तमिलनाडु भाजपा की ओर से पूरे तमिलनाडु में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी मनाई जा रही है। तमिलनाडु बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अनामलाई, भाजपा विधान समिति के अध्यक्ष नैनार नागेन्द्रन, राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य एच राजा, तमिलसाई सौंदर्य राजन और पूर्व सांसद सरथकुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष कारू नागराजन और शताब्दी समन्वयक राज्य के नेतृत्व में चेन्नई में आयोजित समारोह में महासचिव एपी मुरुगनांथम उपस्थित थे। रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र का अनावरण वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मंत्री डॉ एचवी हांडे ने किया। इसके अलावा, तमिलनाडु भाजपा की ओर से, हमारे भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट, सेल्वा मक्कल बचत योजना से 1 लाख बालिकाओं को जोड़ने के कार्यक्रम को लॉन्च करने का अवसर मिलने पर खुशी हो रही है।

# तमिलनाडु के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन रवि ने बुधवार को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और इसकी परमाणु क्षमताओं को आगे बढ़ाने में उनके परिवर्तनकारी योगदान के लिए सराहना की, जिसने देश की वैश्विक स्थिति को नया स्वरूप दिया। वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए रवि ने उन्हें एक साहसी और दूरदर्शी नेता, प्रखर वक्ता, प्रखर कवि और उत्कृष्ट राजनेता बताया। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने अपने संदेश में प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान तमिलनाडु में बुनियादी ढांचे के विकास में वाजपेयी के योगदान को याद किया, साथ ही द्रमुक के दिवंगत संरक्षक एम. करुणानिधि के साथ उनके तालमेल को भी याद किया। करुणानिधि स्टालिन के पिता थे।

राजभवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में रवि ने कहा, वह सुशासन के सच्चे समर्थक थे, जिनकी विरासत हमें समावेशी, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रेरित और मार्गदर्शन करती रहेगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. अन्नामलाई ने कहा कि वाजपेयी ने स्वतंत्र भारत के लिए घरेलू और विदेशी नीतियों का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और विपक्षी दल के नेता के रूप में उन्होंने जो भी भूमिका निभाई, वह कुशलता से निभाई।

## केएसआर बेंगलूरु से प्रयागराज तक वन वे स्पेशल ट्रेन



**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार दक्षिण पश्चिम रेलवे ने कुंभ मेले के लिए यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए केएसआर बेंगलूरु से प्रयागराज तक एकतरफा विशेष ट्रेन चलाने की अधिसूचना जारी की है। ट्रेन संख्या 06577 केएसआर बेंगलूरु-प्रयागराज वन वे कुंभ एक्सप्रेस स्पेशल (वाया जोलारपेट्टई, काटपाडी) 26 दिसंबर गुरुवार को 23.00 बजे केएसआर बेंगलूरु से रवाना होगी और तीसरे दिन 13.30 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। इस ट्रेन में 15 स्लीपर क्लास कोच, 3 सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच और 2 द्वितीय श्रेणी कोच (दिव्यांगजन अनुकूल) होंगे।

### प्रार्थना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई के बेसेंट नगर अन्नाई वेलांकनी चर्च में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई क्रिसमस पर सुबह चर्च की प्रार्थना में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज मुझे चेन्नई के बेसेंट नगर स्थित अन्नाई वेलांकनी कैथेड्रल का दौरा करके और क्रिसमस उत्सव में भाग लेकर बहुत खुशी हुई।



## केएसआर बेंगलूरु से प्रयागराज तक वन वे स्पेशल ट्रेन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार दक्षिण पश्चिम रेलवे ने कुंभ मेले के लिए यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए केएसआर बेंगलूरु से प्रयागराज तक एकतरफा विशेष ट्रेन चलाने की अधिसूचना जारी की है।

ट्रेन संख्या 06577 केएसआर बेंगलूरु-प्रयागराज वन वे कुंभ एक्सप्रेस स्पेशल (वाया जोलारपेट्टई, काटपाडी) 26 दिसंबर गुरुवार को 23.00 बजे केएसआर बेंगलूरु से रवाना होगी और तीसरे दिन 13.30 बजे प्रयागराज पहुंचेगी।

इस ट्रेन में 15 स्लीपर क्लास कोच, 3 सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच और 2 द्वितीय श्रेणी कोच (दिव्यांगजन अनुकूल) होंगे।

# सुनामी से मिले जख्मों के बावजूद संघर्ष करके आगे बढ़े पीड़ित





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में, 26 दिसंबर 2004 की भयावह सुबह आई सुनामी के 20 साल बाद भी अपने करीबी रक्त संबंधियों को खोने वालों के मन में त्रासदी का खौफ कायम है। जीवित बचे लोगों में से एक सौम्या को नागपट्टिनम जिले से बचाया गया था, जो अब एक बच्चे की मां हैं। सुनामी के दौरान जिले में 6,065 लोगों की मौत हुई थी।


सुनामी से अनाथ हुए कई अन्य बच्चों की तरह, सौम्या ने कठोर वास्तविकता को स्वीकार किया और संकट से उबरने व जीने के लिए संघर्ष किया। सुनामी आने के समय सौम्या चार साल की थीं। उन्हें बाद में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी डॉ. जे. राधाकृष्णन गोद ले लिया, जिसके बाद उन्होंने अर्थशास्त्र में बीए की पढ़ाई की। राधाकृष्णन ने 2022 में तकनीशियन के. सुभाष के साथ सौम्या की शादी करा दी। इस साल अक्टूबर में वह एक बच्ची की मां बनीं। फिलहाल सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राधाकृष्णन ने कहा, हमारी बेटी को बड़ा होते और मां बनते देखना बहुत ही सुखद है। हमारा परिवार धन्य महसूस कर रहा है। सुनामी के समय बच्ची रहीं मीणा और सौम्या उन 40 बच्चों में से हैं, जो अन्नाई सत्या सरकारी बाल गृह में पले-बढ़े हैं। वे सुनामी की 20वीं वर्षगांठ से पहले 22 दिसंबर को एक साथ आए और अपने पुनर्मिलन का जश्न मनाया।

उनमें से एक तमिलारसी विजयाबालन अब 35 वर्ष की हैं, जिन्होंने आईटी में बीएससी किया और एमसीए की डिग्री भी प्राप्त की है। वह सुनामी के बाद स्थापित अन्नाई सत्या सरकारी बाल गृह में 100 बच्चों की देखभाल के लिए एक शिक्षक के रूप में काम कर रही हैं। नागपट्टिनम के निकट सामन्थनपेट्टई में स्थित यह गृह अब दुर्व्यवहार और बाल विवाह के पीड़ितों की देखभाल करता है।

लहरों के प्रकोप के कारण हुई अभूतपूर्व तबाही से राज्य के छह तटीय जिलों कांचीपुरम, विल्लुपुरम, कुड्डालोर, नागपट्टिनम, कन्याकुमारी और थूथुकुड की लगभग 50 नगर पंचायतें प्रभावित हुई थीं। नागपट्टिनम स्थित भारतीय राष्ट्रीय मछुआरा संघ के अध्यक्ष आर एम पी राजेंद्र नट्टार कहते हैं, राज्य सरकार की एजेंसियों और गैर-सरकारी संगठनों ने घरों के पुनर्निर्माण और हमारी आजीविका बहाल करने में मदद की।

# केरल के विझिंजम बंदरगाह पर पहुंचा 100वां जहाज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के विझिंजम बंदरगाह पर बुधवार को 100वां वाणिज्यिक पोत एमएससी मिशेला' पहुंचा जो इस नए बंदरगाह के लिए एक मील का पत्थर है। बंदरगाह के एक अधिकारी ने बताया कि पुर्तगाल के झंडे वाला यह जहाज क्रिसमस के दिन दोपहर करीब 1.30 बजे बंदरगाह पर पहुंचा। यह इस बंदरगाह पर लंगर डालने वाला 100वां वाणिज्यिक पोत है। इस बंदरगाह पर 12 जुलाई, 2024 को पहला जहाज आया था जो 300 मीटर लंबा चीनी जहाज 'सैन फर्नांडो' था।

अधिकारी ने कहा कि मुंबई से आया 299.87 मीटर लंबा जहाज 'एमएससी मिशेला' कंटेनर को उतारने के बाद शंघाई के लिए रवाना हो जाएगा। आधुनिक उपकरणों और उन्नत स्वचालन एवं आईटी प्रणालियों से लैस विझिंजम भारत का पहला अर्ध-स्वचालित बंदरगाह है। इस अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह का विकास अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईज़ेड) ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत किया है।

# माकपा ने राज्यपाल खान की ''असंवैधानिक कार्रवाई'' में शामिल होने के लिए आलोचना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने बुधवार को उम्मीद जताई कि राज्य के नवनियुक्त राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर अपने पूर्ववर्ती आरिफ मोहम्मद खान से उलट संवैधानिक तरीके से काम करेंगे और सरकार के साथ सहयोग करेंगे। खान को बिहार का राज्यपाल बनाया गया है। विभिन्न मुद्दों पर वामपंथी सरकार और खान के बीच टकराव देखने को मिला था। माकपा के राज्य सचिव एम. वी. गोविंदन ने खान की तीखी आलोचना करते हुए उन पर संघ परिवार के एजेंडे को लागू करने के लिए असंवैधानिक कार्यों'' में शामिल होने का आरोप लगाया। उनका यह बयान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मणिपुर, मिजोरम, केरल और बिहार समेत कई राज्यों के लिए नए राज्यपालों की नियुक्ति के आदेश जारी करने के एक दिन बाद आया है। गोविंदन ने पत्रकारों से कहा कि कुछ अखबारों ने तो खान को विपक्षी पार्टी से भी बड़ा विपक्षी नेता बताया है। माकपा नेता ने मीडिया की इस धारणा के लिए खान द्वारा वामपंथी सरकार के साथ टकराव के दौरान संघ परिवार के एजेंडे को लागू करने के प्रयासों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, यह दृष्टिकोण अत्यधिक जनविरोधी माना जाता है।

गोविंदन ने कहा कि राज्यपालों को संवैधानिक तरीके से कार्य करना चाहिए, चाहे उनकी राजनीतिक संबद्धता कुछ भी हो, चाहे वे कम्युनिस्ट या कांग्रेस पार्टी से जुड़े हों। माकपा नेता ने दावा किया कि संवैधानिक मानदंडों का पालन करने के बजाय राज्यपाल खान ने असंवैधानिक रुख अपनाया। नए राज्यपाल की नियुक्ति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि राज्यपाल का चयन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस)-भाजपा की अपनी प्रणाली पर आधारित है, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि वह इस बारे में कोई पूर्वाग्रहपूर्ण टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। माकपा नेता ने उम्मीद जताई कि नये राज्यपाल संवैधानिक तरीके से काम करेंगे और सरकार के साथ सहयोग करेंगे। इस बीच, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने गोविंदन पर पलटवार करते हुए कहा कि खान के खिलाफ उनकी टिप्पणी उनके प्रति उनकी पार्टी की कटुता को दिखाती है। सुरेंद्रन ने संवाददाताओं से कहा, राज्यपाल की भूमिका कोई भी संभाले, विजयन और गोविंदन द्वारा अनियमितताएं नहीं करने दी जाएंगी।

## क्रिसमस की कैरोल पार्टी में हमले के मामले में चार गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पथनमथिट्टा/भाषा। पथनमथिट्टा में मंगलवार की रात एक चर्च में क्रिसमस के अवसर पर कैरोल पार्टी पर कथित रूप से हमला करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोग एक अन्य गिरजाघर की कैरोल पार्टी में शामिल थे। यह घटना कोइपुरम थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुंभनाड इलाके की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, कैरोल पार्टी के दौरान दूसरे चर्च के एक समूह ने हमला किया था। हमला करने वाले लोगों का आरोप था कि सड़क से गुजरते समय कैरोल प्रदर्शन के लिए इस्तेमाल की गई रोशनी को कम नहीं किया गया था। पुलिस ने बताया कि कथित घटना रात करीब डेढ़ बजे उस समय हुई जब कैरोल टीम एक घर में प्रस्तुति दे रही थी। इस दौरान हुई हाथापाई में कैरोल टीम में शामिल महिलाएं भी प्रभावित हुईं। पुलिस ने बताया कि हमले में शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के लिए जांच की जा रही है।

## क्रिसमस की सुबह 'शिशु पालना' में तीन दिन की बच्ची मिली

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल में क्रिसमस के दिन तड़के राज्य बाल कल्याण समिति के 'अम्माथोट्टिल'' (शिशु पालना) में तीन दिन की बच्ची मिली। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति में कहा गया कि इस साल तिरुवनंतपुरम के 'अम्माथोट्टिल'' में मिला यह 22वां शिशु है। राज्य की स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास मंत्री वीणा जॉर्ज ने सोशल मीडिया मंच 'फेसबुक' पर इस खबर को साझा करते हुए अपनी प्रसन्नता जाहिर की और शिशु का नाम सुझाने के लिए लोगों से सुझाव मांगे।

केरल राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित ''अम्माथोट्टिल'' कार्यक्रम बेसहारा या त्याग दिए गए बच्चों के लिए एक सुरक्षित स्थान प्रदान करता है। 'अम्माथोट्टिल' में मिलने वाले शिशुओं को देखभाल के लिए तिरुवनंतपुरम के थाइकौड में एक अत्याधुनिक शिशु केंद्र में रखा जाता है। यह केंद्र हर समय संचालित होता है, जिसमें दो चिकित्सक, आठ नर्स और 76 अन्य कर्मचारी शिशुओं की देखभाल सुनिश्चित करते हैं।

# सांताक्लॉज के साथ झूमे बाल कैंसर रोगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र में बुधवार को बाल कैंसर रोगियों के लिए क्रिसमस डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस दौरान जब लाल ड्रेस पहनकर सान्ताक्लॉज बच्चों के बीच आए तो सभी बच्चों के चेहरे पर ख़ुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई। कैंसर केयर (महिला प्रकोष्ठ) और ड्रीम्ज़ फाउंडेशन के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गई।

समारोह की मुख्य अतिथि कैंसर केयर संरक्षिका सुनीता गहलोत ने कहा कि ये सभी बच्चे फाइटर है। इनमें कुछ बच्चे कैंसर की जंग जीत चुके है और कुछ की जंग अभी जारी है। हमें इन बच्चों से सीखना चाहिए कि किस तरह जीवन में हर हाल में खुश रहे। इस दौरान सुनीता गहलोत की संगीतमय प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। चिकित्सालय की वरिष्ठ उपाध्यक्षा अनिला कोठारी के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में सांताक्लॉज ने बच्चों को ना सिर्फ उपहार और चॉकलेट दिए बल्कि उन्हें कई तरह के गेम्स भी खिलाए। सान्ताक्लॉज ने बच्चों को हंसाते हुए उनके साथ डांस कर कुछ पल के लिये उनके दर्द, दुख, तकलीफों से दूर करते हुए उनके बीच खुशियां फैला दी। सेलिब्रेशन के दौरान बाल रोगियों की ओर से डांस, कविता और गानों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। चिकित्सालय की वरिष्ठ उपाध्यक्षा अनिला कोठारी का कहना है कि क्रिसमस के दिन सभी बच्चों को सान्ताक्लॉज का इंतजार रहता है। सान्ताक्लॉज को देखते ही बच्चों के चेहरे पर खुशी दिख जाती है। हमें इन बच्चों के चेहरे पर मुस्कराहट लाने का कोई भी मौका हमें नहीं छोडना चाहिए। ड्रीम्ज़ फाउंडेशन के तहत अस्पताल में भर्ती 1 से 18 साल की आयु के 4500 से अधिक बाल कैंसर रोगियों की ख्वाहिशों को पूरा किया जा चुका है। इस मौके पर ड्रीम्ज़ फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष शिल्पा कोठारी सहित हॉस्पिटल एवं कैंसर केयर के सदस्य मौजूद थे।

# प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत पर खुलेंगे अटल ज्ञान केन्द्र : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत पर अटल ज्ञान केन्द्र शुरू करने की घोषणा की है। शर्मा ने कहा कि युवाओं को जागरूक करने के साथ ही उन्हें प्रशिक्षण सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत पर चरणबद्ध रूप से अटल ज्ञान केन्द्र की स्थापना की जाएगी। इन केन्द्रों के लिए स्थानीय युवक-युवती का अटल प्रेरक के रूप में चयन किया जायेगा। इससे ग्रामीण युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के स्व-अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा आमजन में पढ़ने की प्रवृति को प्रोत्साहित करने के लिए अटल ज्ञान केन्द्रों पर लाइब्रेरी एवं ई-लाइब्रेरी की सुविधाएं विकसित की जाएगी। इसके साथ ही इन केन्द्रों पर कैरियर काउंसलिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

शर्मा ने कहा कि पात्र व्यक्तियों एवं परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए अटल प्रेरक कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि ई-मित्र की तर्ज पर इन केन्द्रों पर भी कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन के अतिरिक्त जाति, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र, मूल निवास एवं राशन कार्ड इत्यादि जन-सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इससे ग्रामीण स्तर पर आमजन के कार्य सुलभ एवं सुगम रूप से सम्पादित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन केन्द्रों के विकास पर लगभग 500 करोड़ रुपये का व्यय करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न वाजपेयी की स्मृति में राज्य सरकार ने 26 दिसम्बर को प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय पर अटल जन सेवा शिविर आयोजित करने का निर्णय भी किया है। साथ ही, हमारी सरकार ने ई-गवर्नेंस अवार्ड का नाम बदलकर अटल ई-गवर्नेंस अवार्ड और राजकीय विद्यालयों के कंप्यूटर कक्ष का नामकरण अटल कंप्यूटर कक्ष करने का निर्णय भी किया है।



# राजस्थान में कड़ाके की सर्दी जारी, अनेक जगह घना कोहरा छाया रहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के अधिकतर भागों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है जहां अनेक इलाकों में बुधवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के अनुसार, बीते चौबीस घंटे में पूर्वी राजस्थान में एक जगह हल्की बारिश हुई जबकि अनेक जगह कोहरा व घना कोहरा छाया रहा।

इस दौरान पश्चिमी राजस्थान में कहीं कहीं 'शीत दिवस' दर्ज किया गया। राज्य में बीती रात सबसे कम न्यूनतम तापमान पिलानी तथा गंगानगर में 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, 26 दिसंबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से उदयपुर, अजमेर, कोटा, जयपुर, भरतपुर व बीकानेर संभाग के कुछ भागों में बादलों की गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ का सर्वाधिक असर 27 दिसंबर को होने तथा इसकी वजह से कुछ भागों में बादल गरजने, बारिश व कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने का अनुमान है।

# एएसआई 10 हजार की रिश्वत लेता गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सवाई माधोपुर जिले के रवांजना डूंगर थाने का सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) भरतलाल बुधवार को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

ब्यूरो के महानिदेशक डा रवि प्रकाश महेरडा ने बताया कि परिवादी ने ब्यूरो में शिकायत की कि कुशतला चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक भरतलाल गुर्जर उसके बजरी से भरे ट्रेक्टर ट्राली को थाने में खाली करवाकर एम वी एक्ट में चालान बना कर छोड़ने एवं कार्यवाही नहीं करने की एवज में 50 हजार रुपए मांग कर परेशान कर रहा है। आरोपी ने परिवादी 30 हजार रुपए मौके पर ही वसूल कर दिया है।

डा मेहरड़ा ने बताया कि शिकायत का सत्यापन करने के बाद ब्यूरो टीम ने बुधवार को ट्रैप की कार्रवाई करते हुए आरोपी एएसआई भरतलाल गुर्जर को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है।





# देश के विकास की नई राह देने वाले आदर्श व्यक्तित्व थे वाजपेयी: राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने बुधवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश के विकास को नई राह दी। बागड़े यहां अटल सामुदायिक केन्द्र में पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जन्मशती समारोह को संबोधित कर रहे थे। आधिकारिक बयान के अनुसार, बागड़े ने वाजपेयी को याद करते हुए उनके दिए आदर्श अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि वाजपेयी ने कठोर परिश्रम, कड़ी मेहनत और अपने आत्मविश्वास से भारत को विकास की नई राह प्रदान की तथा प्रधानमंत्री रहते हुए सुशासन के साथ भारतीय राजनीति में शुचिता के आदर्श मूल्यों की स्थापना की। उन्होंने वाजपेयी द्वारा देश में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए किए गए कार्यों, कावेरी विवाद हल करने और सूचना संचार प्रौद्योगिकी के लिए किए गए कार्यों को ऐतिहासिक बताया और कहा कि उनका पूरा व्यक्तित्व प्रेरणास्पद रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर वाजपेयी की 100वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। शर्मा ने कहा कि भारत रत्न वाजपेयी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थे। वे राजनीति में मर्यादा, धैर्य और सौम्यता के प्रतीक थे।

उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का अद्वितीय स्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शी और जवाबदेह कार्यों के लिए प्रतिबद्धता प्रकट करने के वास्ते आज पूरा देश उनको नमन करते हुए सुशासन दिवस मना रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अन्य नेताओं ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# करौली जिले में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के करौली जिले में मंगलवार रात एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह हादसा एक कार और बस की आमने-सामने की टक्कर के कारण हुआ।

पीड़ित परिवार मध्य प्रदेश के इंदौर का रहने वाला था। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसका अगला हिस्सा बस के नीचे फंस गया।

करौली के पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित कैलादेवी मंदिर में दर्शन करने के बाद गंगापुर सिटी की ओर जा रहे थे तभी सलेमपुर-कुडगांव रोड पर यह हादसा हुआ। कार में सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतकों की पहचान नयन देशमुख (60), उनकी बहन प्रीति भट्ट (60), उनके बेटे खुश देशमुख (22), बेटी मनस्वी (25) और एक अन्य रिश्तेदार अनीता (55) के रूप में हुई है।

कुडगांव की थानाधिकारी रुक्मणी गुर्जर ने बताया कि पीड़ित मध्य प्रदेश के इंदौर के रहने वाले थे। वे कैला देवी मंदिर से निकलकर दौसा के मेहंदीपुर बालाजी मंदिर जा रहे थे। यह घटना कैला देवी मंदिर से निकलने के बमुश्किल आधे घंटे बाद हुई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा, आज उनके परिवार के सदस्यों के आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# गैस टैंकर हादसे में दो और घायलों की मौत, मृतकों की संख्या 17 हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर के गैस टैंकर हादसे में गंभीर रूप से झुलसे दो और लोगों ने बुधवार को दम तोड़ दिया। इसके साथ ही इस हादसे में मरने की वालों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हादसे में झुलसे 16 और लोगों का यहां एसएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। सरकारी एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने बताया, बुधवार को तड़के एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई। उन्होंने कहा, दो और मौतों के साथ अब तक कुल 17 लोगों की मौत हो चुकी है। डॉ. भाटी ने बताया कि अस्पताल में भर्ती तीन लोगों की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है।

जयपुर के भांकरोटा इलाके में शुक्रवार को तड़के जयपुर-अजमेर राजमार्ग पर एक ट्रक ने एलपीजी से भरे टैंकर को टक्कर मार दी। इससे भीषण आग लग गई और 35 से अधिक वाहन इसकी चपेट में आ गए। घटना वाले दिन 11 लोगों की मौत हुई थी और अब मृतकों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर मौके पर ही मिल रहा जांच और उपचार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेशभर में राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर शुरू किए गए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आमजन भरपूर लाभ ले रहे हैं। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में 15 दिसम्बर से आयोजित किए जा रहे इन शिविरों में मात्र 5 आयोजन दिवस में अब तक 5 लाख 47 हजार से अधिक लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं परामर्श लिया है। अभियान के तहत प्रथम चरण में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर विशेष स्वास्थ्य जांच व उपचार के सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि अब तक 1402 शिविर आयोजित किए गए हैं। इनमें 2 लाख 21 हजार से अधिक व्यक्तियों की डायबिटीज और ब्लड प्रेशर स्क्रीनिंग, 1 लाख 23 हजार से अधिक व्यक्तियों की ओरल, 54 हजार की ब्रेस्ट एवं 25 हजार से अधिक की सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की गई है। स्क्रीनिंग में 3 हजार से अधिक व्यक्तियों में कैंसर रोग की संभावना पाई गई है। इसी प्रकार करीब 63 हजार की ईएनटी जांच की गई एवं 20 हजार से अधिक महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। करीब 39 हजार व्यक्तियों की टीबी जांच की गई, जिनमें से 529 टीबी पॉजिटिव पाए गए। शिविर में लगभग 4 लाख 42 ङ्कहजार रोगियों को नि:शुल्क दवा योजना से लाभान्वित किया गया।

श्रीमती राठौड़ ने बताया कि शिविरों के दौरान 3 लाख 20 हजार लोगों को एलोपैथी पद्धति से एवं 83 हजार से अधिक को आयुष पद्धति से उपचारित किया गया। करीब 10 हजार को टेलीकंसलटेशन के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया।

# मारवाड़ी समाज ने राजस्थान का विश्व में बढ़ाया मान : देवनानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर, । राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को कोलकाता के जी.डी.बिड़ला सभागार में आयोजित अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के 90 वें स्थापना दिवस समारोह में देश-विदेश में राजस्थान का मान बढ़ा रहे प्रवासी बंधुओं से संवाद किया। देवनानी ने कहा कि मारवाड़ी सिर्फ एक समाज और पहचानही नहीं बल्कि समृद्ध विरासत, भारतीय संस्कृति, संस्कार और परंपराओं को सहेजे हुए है। मारवाड़ी जहाँ भी जाते है, वहाँ अग्रणी रहकर सभी को साथ लेकर प्रगति में भागीदारी निभाते हैं । राजस्थान प्रदेश के लोगों ने दूसरे प्रदेशों में जाकर अपने व्यवसाय को बढ़ाया है और वे अपने उद्योगों के बल पर नौकरी देने वाले बने हैं।

देवनानी ने स्नेह और सम्मान देने के लिए सभी का आभार जताते हुए कहा कि राजस्थान के लोगों ने देश के हर प्रदेश में और विदेश में अपनी मेहनत से अपना बेहतर स्थान बनाया है।राजस्थान के लोग अपने-अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य कर रहे हैं जिससे उनकी पहचान बन रही है और प्रदेश का नाम भी रोशन हो रहा है। इस अवसर पर सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया, सीमा सुरक्षा बल के अतिरिक्त महानिदेशक रवि गांधी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम शर्मा, पद्मप्रहलाद राय अगरवाला, नंदलाल रुंगटा, हरिप्रसाद कनोडिया, राम अवतार पोद्दार, संतोष सर्राफ, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश जैन, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी सहित बड़ी संख्या में मारवाड़ी बंधुओं की उपस्थिति रही। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कोलकाता प्रवास के दौरान बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेवा समिति द्वारा कोलकाता के नेता जी सुभाष चंद्र बॉस रोड पर निर्धनो को कंबल वितरण किये।

# शाह की माफी से ध्यान भटकाने के लिए मुख्यमंत्री ने लगाए मनगढ़ंत, झूठे और तथ्यहीन आरोप : डोटासरा

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आरोपों पर पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा है कि सीएम शर्मा ने अमित शाह की माफी से ध्यान भटकाने के लिए सिर्फ मनगढ़ंत झूठ एवं तथ्यहीन आरोप लगाया है। शर्म की बात है कि संविधान निर्माता का अपमान करने वाले दोषी के पक्ष में उस व्यक्ति को मजबूरन बयान देना पड़ रहा है, जो स्वयं संवैधानिक पद पर विराजमान हैं। डोटासरा ने कहा कि शाह के बयान पर सफाई देने वाले मुख्यमंत्री को प्रदेश की ध्वस्त होती कानून व्यवस्था, बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई पर भी बयान देना चाहिए था। उस बेटी की सुरक्षा के लिए भी बयान देना चाहिए था, जिसका आज डीग में सरेआम अपहरण हुआ। सालभर बाद भी नौकरी नहीं लग वाले युवाओं के लिए बयान देना चाहिए था। सीएम जनता को गुमराह करने के कितने भी प्रयास कर लें, लेकिन शाह की अंबेडकर पर अपमाजनक टिप्पणी मंजूर नहीं है। जनता की आहत हुई भावनाओं के लिए शाह को माफी मांगनी पड़ेगी। अंबेडकर के सिद्धांत एवं उनके विचारों को लेकर भाजपा नेताओं के मन में सिर्फ और सिर्फ द्वेष भरा है।

# 12 लाख की ड्रग सहित तीन गिरफ्तार, 3 मोबाइल फोन बरामद

जयपुर। नए साल के जश्न से पहले प्रोएक्टिव पुलिसिंग के तहत प्रदेश में एजीटीएफ एवं स्थानीय पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है। एजीटीएफ की सूचना पर उदयपुर जिले की सुखेर थाना पुलिस ने 3 बदमाशों को गिरफ्तार कर 103.71 ग्राम एमडीएमए व तीन मोबाइल फोन जब्त किए है। जप्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 लाख रुपए आंकी गई है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के सुपरविजन में गैंगस्टर्स, वांटेड क्रिमिनल एवं तस्करों के बारे में सूचना संकलन व धरपकड़ के लिए पुलिस मुख्यालय से एजीटीएफ की विभिन्न टीमों को अलग-अलग शहरों में रवाना किया गया है।

# भजनलाल सरकार जनहित के कामों में गत कांग्रेस सरकार से आगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की भजनलाल सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में मेहनत और लगन से जनहित में काम करके अद्वितीय कीर्तिमान स्थापित किए हैं और वह गत कांग्रेस सरकार के चुनावी एवं अंतिम वर्ष में हुए कामों की तुलना में बहुत आगे निकल गई हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को राहत पहुंचाने के लिए तत्परता से जुटी हुई हैं और वह विभिन्न योजनाओं के तहत पूरी मेहनत और लगन से काम करते हुए कई कीर्तिमान स्थापित किए है जो अद्वितीय है और गत सरकार के अंतिम वर्ष में जो काम हुआ, उससे काफी आगे खड़ी है और इससे प्रदेश के हर घर खुशहाली आई हैं।

प्रदेश में पिछले एक वर्ष में भजनलाल सरकार कालीबाई भील मेधावी छात्रा योजना के तहत 24 हजार 517 स्कूटियों का वितरण कर चुकी है जबकि गत सरकार के अंतिम वर्ष में मात्र 4232 स्कूटियां वितरित की गई थी। इसी प्रकार स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण योजना में एक वर्ष में भजनलाल सरकार आठ लाख 51 हजार साइकिलें वितरित कर चुकी है वहीं गत गहलोत सरकार के अंतिम वर्ष में एक भी साइकिल वितरित नहीं हुई।

भजनलाल सरकार ने गत एक वर्ष में विद्यार्थियों को 88 हजार 800 टेबलेट वितरित किए वहीं गत सरकार के अंतिम वर्ष में एक भी टेबलेट वितरित नहीं किया गया। भजनलाल सरकार गत एक वर्ष में



पेपर लीक मामले में काफी सख्त नजर आई और इस दौरान गृह विभाग ने पेपरलीक प्रकरणों में 190 लोगों को गिरफ्तार कर एक कीर्तिमान स्थापित किया जबकि पिछली कांग्रेस सरकार के अंतिम वर्ष में केवल 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गत एक वर्ष में उच्च शिक्षा विभाग में राजकीय महाविद्यालयों के 70 भवनों का निर्माण किया गया जबकि गत सरकार के अंतिम वर्ष में केवल 21 भवनों का निर्माण हुआ।

इसी तरह ऊर्जा विभाग ने भी गत एक वर्ष में उल्लेखनीय काम करते हुए प्रदेश में 28 हजार 884 सोलर पम्प सैटों की स्थापना की जबकि गत सरकार ने अपने अंतिम वर्ष में केवल 1200 सोलर पम्प सैट स्थापित किए। इसी तरह भजनलाल सरकार ने एक साल में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 23 हजार 41 हैक्टेयर भूमि आवंटित की गई जबकि गत गहलोत सरकार के समय एक साल में 1514 हैक्टेयर भूमि का ही आवंटन हुआ तथा कुसुम (घटक सी) के तहत गत एक वर्ष में 1793 एलओए किए गए जबकि गत सरकार ने अपने अंतिम वर्ष में इस संबंध में एक भी एलओए नहीं कया।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने गत एक वर्ष में 12.05 लाख मैट्रिक टन गेंहू की खरीद की जबकि गत सरकार के समय अंतिम वर्ष में केवल 4.38 लाख मैट्रिक टन गेंहू की खरीद हुई। भजनलाल सरकार ने अपने एक वर्ष के शासन में 18 हजार 813 फार्म पौण्ड (खेत तलाई) का निर्माण कराया जबकि गत सरकार के समय अंतिम वर्ष में 12 हजार 448 खेत तलाइयों का निर्माण हुआ। गत एक वर्ष में सहकारिता विभाग ने 387 कस्टम हाईरिंग केन्द्रों की स्थापना की गई जबकि गत सरकार ने अपने अंतिम वर्ष में केवल 92 कस्टम हाईरिंग केन्द्र स्थापित किए।

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के सुशासन ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया : राजनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने ऐसा सुशासन दिया, जिसने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और उनके कार्यकाल में आर्थिक वृद्धि दर बढ़कर 8.4 प्रतिशत पर पहुंच गई थी, जो स्वतंत्र भारत की एक ऐतिहासिक उपलब्धि रही।सिंह ने यहां लोकभवन में सुशासन दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन की परिभाषा के तहत हर व्यक्ति की जरूरतें पूरी होती हैं, वह सुरक्षित महसूस करता है और उसे अपने विचार रखने का अवसर मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि अटल जी के दृष्टिकोण को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं।

रक्षा मंत्री ने अटल जी की ऐतिहासिक योजनाओं को याद करते हुए कहा कि उनकी दूरदृष्टि ने भारत को सड़कों, दूरसंचार और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में नई दिशा दी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और अंत्योदय योजना जैसे अभियानों ने भारत के गांवों और गरीबों की जिंदगी बदल दी। उन्होंने कहा, अटल जी ने न केवल शहरों को सड़कों से जोड़ा, बल्कि गांवों को भी जोड़ा। दूरसंचार क्षेत्र में क्रांति लाकर उन्होंने हर हाथ में मोबाइल का सपना पूरा किया। मोदी सरकार ने 1,500 से अधिक अनावश्यक कानूनों को खत्म कर कारोबारी सुगमता में भारत को 50वें पायदान पर पहुंचाया। जल्द ही भारत शीर्ष 20 देशों में शुमार होगा। उन्होंने डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) योजना की सफलता पर जोर देते हुए कहा कि अब गरीबों को सीधे उनके खाते में पैसा पहुंचता है। उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने एक बार कहा था कि केंद्र से 100 पैसा भेजा जाता है, लेकिन लाभार्थियों तक केवल 14 पैसा पहुंचता है, लेकिन मोदी सरकार ने इस भ्रष्टाचार को खत्म किया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने भयमुक्त समाज की स्थापना की है।



## विघटनकारी तत्वों से निपटने के लिए एकजुटता जरूरी : सिन्हा

**गाजीपुर/भाषा।** जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को नागरिकों से विघटनकारी ताकतों की साजिशों को विफल करने का आह्वान करते हुए कहा कि साल 2047 तक विकसित राष्ट्र के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए भारत का एकजुट होना जरूरी है। सिन्हा ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित भी किया। उन्होंने जिला पंचायत सभागार में जिला सहकारी बैंक एटीएम के उद्घाटन के अवसर पर कहा, सहकारिता एक ऐसा मंत्र है जो हमारे किसानों के लिए समृद्धि ला सकता है। जब किसान समृद्ध होंगे तभी राष्ट्र आर्थिक ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा, आक्रमणकारियों और विभाजनकारी ताकतों ने ऐतिहासिक रूप से भारत की अर्थव्यवस्था को कमजोर किया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सिन्हा ने नागरिकों से ''विघटनकारी ताकतों की साजिशों'' को विफल करने का आह्वान करते हुए इस बात पर जोर दिया कि साल 2047 तक विकसित राष्ट्र के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए एकजुट भारत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हालांकि, साल 2014 में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद से देश आर्थिक विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की एक हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए सिन्हा ने कहा, आईएमएफ की ताजा रिपोर्ट भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती और आगे की गति की पुष्टि करती है।



## अमित शाह, चंद्रबाबू नायडू सहित राजग नेताओं ने भाजपा अध्यक्ष नड्डा के आवास पर बैठक की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशती के अवसर पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा के आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं की बैठक हुई।

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, जद (यू) नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, अपना दल (एस) की अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के साथ-साथ जद (एस) नेता और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी मौजूद थे। बैठक में बिहार के हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (एस) के नेता जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा और भारत धर्म जन सेना के अध्यक्ष तुषार वेल्लापल्ली भी मौजूद थे। बैठक के एजेंडे के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में सुशासन और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। सुशासन वाजपेयी सरकार का एक प्रमुख विषय था। पहली बार गठबंधन सरकार को सफलतापूर्वक चलाने वाले भाजपा के दिग्गज नेता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर गठबंधन की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। नड्डा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज नई दिल्ली में राजग नेताओं की बैठक में भाग लिया।

## भाजपा करेगी मेरे भविष्य की भूमिका का फैसला: रघुबर दास



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के निवर्तमान राज्यपाल रघुबर दास ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उनकी भविष्य की भूमिका के बारे में फैसला करेगी। दास ने आज सुबह पुरी में जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। दास ने पुरी में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा, मैं एक मजदूर परिवार से आता हूं और 1980 में भाजपा की सदस्यता ली थी। मैंने बूथ स्तरीय समिति के अध्यक्ष से लेकर मंडल, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न भूमिकाओं में काम किया है। मुझे झारखंड के लोगों की सेवा करने का भी अवसर मिला। इसलिए, हमारी पार्टी मेरी भविष्य की भूमिका के बारे में फैसला करेगी।

दास ने कहा कि ओडिशा में उनका अनुभव सुखद रहा और यह उनके लिए यादगार रहेगा। ओडिया लोगों के जुनून को सलाम करते हुए उन्होंने उम्मीद जतायी कि 2036 में जब राज्य अपने गठन के 100 साल पूरे करेगा, तब ओडिशा एक विकसित राज्य बन जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ओडिशा में 'डबल इंजन' की सरकार गरीबों के विकास के लिए काम कर रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को मिजोरम के मौजूदा राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति को ओडिशा का नया राज्यपाल नियुक्त किया। राष्ट्रपति ने ओडिशा के राज्यपाल पद से दास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। रघुबर दास को 18 अक्टूबर 2023 को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया था।

## सरकारी योजनाओं को पूरी तरह से लागू करने के लिए जनशक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण: पटेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गांधीनगर/भाषा।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को कहा कि सरकारी योजनाओं को पूरी तरह से लागू करने के लिए जनशक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है ताकि सुशासन का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

पटेल ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने गरीबों को अपनी शासन प्रणाली के केंद्र में रखकर सुशासन का उदाहरण पेश किया। मुख्यमंत्री सुशासन दिवस के मौके पर राज्य वन विभाग में चयनित 848 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे।

मोदी सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान 2014 में वाजपेयी के जन्मदिन को 'सुशासन दिवस' के रूप में घोषित किया गया था।

पटेल ने नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि वन विभाग में शामिल होने वाले युवाओं को प्रकृति द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना होगा। उन्होंने उन्हें पर्यावरण को बचाने के लिए काम करते हुए राज्य के विकास में शामिल होने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र भाई (मोदी) ने 'सबका साथ, सबका विकास' के माध्यम से सुशासन के इस मंत्र को आगे बढ़ाया और देश के विकास के लिए सभी कल्याणकारी कार्यक्रमों के केंद्र में गरीब और मध्यम वर्ग को रखा।

## कांग्रेस 'राजनीतिक लाभ' के लिए अंबेडकर का इस्तेमाल करने वाली 'बेशर्म' पार्टी है : हिमंत



**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस को 'राजनीतिक लाभ' के लिए संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब अंबेडकर के नाम का इस्तेमाल करने वाली एक 'बेशर्म' पार्टी करार दिया। उन्होंने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू के परिवार के नेताओं के नाम पर अनगिनत योजनाएं शुरू कीं और कई संस्थान स्थापित किए, लेकिन अंबेडकर के नाम पर ऐसा कुछ नहीं किया गया। शर्मा ने यहां पत्रकारों से कहा, कांग्रेस को कोई शर्म नहीं है। जिस पार्टी ने आपातकाल लगाया, संविधान को निलंबित किया, लोकतंत्र की हत्या की, वही कांग्रेस संविधान के नाम पर जुलूस निकाल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इंदिरा गांधी आवास योजना शुरू की, राजीव गांधी के नाम पर कई योजनाएं शुरू कीं और देश के कई बड़े विश्वविद्यालयों का नाम जवाहरलाल नेहरू के नाम पर रखा। शर्मा ने कहा, ...लेकिन क्या आपने बाबासाहेब अंबेडकर के नाम पर एक भी योजना समर्पित की है? विश्वविद्यालय तो छोड़िए, क्या आपने उनके नाम पर एक स्कूल का नाम भी रखा है? शर्मा ने कहा, क्या कोई मुझे बता सकता है कि आज से पहले राजीव भवन में अंबेडकर की कोई तस्वीर थी? मैं 22 साल तक कांग्रेस में था और मैंने राजीव भवन में उनकी कोई तस्वीर नहीं देखी। उन्होंने कहा कि मंगलवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में अंबेडकर जयंती मनाई गई।

**दौरा** दक्षिण भारत राष्ट्रमत



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने क्रिसमस के अवसर पर यहां 'कैथोलिक बिशप कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया' (सीबीसीआई) मुख्यालय और सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च का दौरा किया। नड्डा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, जैसा कि हम ईसा मसीह के जन्म का जश्न मनाते हैं, आइए हम देने की भावना, शांति की खोज, आशा की शक्ति और एक राष्ट्र के रूप में हम कैसे प्रेम, करुणा और सद्भाव के मूल्यों को अपना सकते हैं और बढ़ा सकते हैं, इसका भी जश्न मनाएं।



## मणिपुर को दो समुदायों के बीच तत्काल शांति और समझ की जरूरत है : मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि पिछले साल मई से जातीय हिंसा की चपेट में रहे राज्य को तत्काल शांति की जरूरत है और उन्होंने दोनों समुदायों से समझौता करने की अपील की। सिंह ने यह भी कहा कि तीन मई 2023 को हिंसा भड़कने से पहले राज्य विकास और सुशासन के सही रास्ते पर था और उसने जी-20 बैठकों, मिस इंडिया प्रतियोगिता और त्रि-राष्ट्र फुटबॉल टूर्नामेंट सहित कई अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबानी की थी। सिंह ने यहां भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में सुशासन दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा इस पूर्वोत्तर राज्य को बचा सकती है, क्योंकि वह मिल-जुलकर रहने के विचार में विश्वास करती है।

सिंह ने कहा, मणिपुर में आज जो कुछ हो रहा है उसके कई कारण हैं। आज, जो लोग राज्य को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, वे पूछ रहे हैं कि सरकार क्या कर रही है...वे सत्ता के भूखे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मीयामगी नुमित' (पीपुल्स डे) जैसी कई पहल शुरू की गई हैं, जिसका उद्देश्य लोगों और अधिकारियों को करीब लाना है। हम किसी खास समुदाय के खिलाफ नहीं हैं। भाजपा का रुख स्पष्ट है। हम साथ रहने के विचार में विश्वास करते हैं। हमने पुलिस और लोगों के बीच संबंध बनाने शुरू कर दिए हैं। सिंह ने कहा कि राज्य सरकार प्रशासन के विभिन्न स्तरों पर समितियां बनाकर आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा, हमने कभी कोई गलत काम नहीं किया है। हम केवल भावी पीढ़ियों को बचाना चाहते थे। दोनों समुदायों को शांत रहने की जरूरत है। अतीत को देखने के बजाय, हमें आगामी एनआरसी प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, जिसमें बायोमेट्रिक्स लिए जाएंगे और 1961 को 'इनर लाइन परमिट' का आधार वर्ष माना जाना चाहिए।



## अगर वाजपेयी पृथक राज्य नहीं बनाते तो झारखंड के लोगों को लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ता : चंपई

**जमशेदपुर (झारखंड)/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी के नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार को कहा कि अगर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड को अलग राज्य नहीं बनाया होता तो प्रदेश के लोगों को कई वर्षों तक इंतजार और संघर्ष करना पड़ता तथा शायद अधिक बलिदान भी देना पड़ता।

वाजपेयी को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए सोरेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वाजपेयी ने तत्कालीन अविभाजित बिहार की राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सरकार के कड़े विरोध के बावजूद अलग झारखंड बनाने का अपना वादा पूरा किया था। सोरेन ने कहा, सन 1999 में अटल जी चुनावी सभा को संबोधित करने दुमका आए थे। उसमें अटल जी ने कहा था- आप मेरी सरकार बनवाएं, मैं आपको अलग राज्य का तोहफा दूंगा। भाजपा की सरकार बनने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी जी ने पृथक झारखंड राज्य की घोषणा करके झारखंड की जनता के कई दशक पुराने आंदोलन को सम्मान दिया।

## मणिपुर : इंफाल घाटी के सीमांत गांव में सशस्त्र गुटों के बीच गोलीबारी

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में बुधवार सुबह दो सशस्त्र समूहों के बीच गोलीबारी हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि हथियारबंद लोगों ने कांगपोकपी जिले की पहाड़ियों से सिनम कोम गांव को निशाना बनाकर गोलीबारी की। उसने बताया कि तलहटी में तैनात हथियारबंद 'ग्रामीण स्वयंसेवकों' ने जवाबी कार्रवाई की।

पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं। उसने बताया कि घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

उसने बताया कि मंगलवार रात को इंफाल पूर्व में थाम्नापोकपी और निकटवर्ती उयोक चिंग में सशस्त्र लोगों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई। मेइती और कुकी समुदायों के लोगों के बीच तीन मई, 2023 को शुरू हुए जातीय संघर्ष के कारण अब तक 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

## गिरिराज की नीतीश कुमार और नवीन पटनायक के लिए भारत रत्न की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेगूसराय/पटना/भाषा।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया जाना चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सिंह ने अपनी भावना अपने लोकसभा क्षेत्र बेगूसराय में व्यक्त की तथा अपनी पार्टी के वर्तमान सहयोगी कुमार और पटनायक की प्रशंसा की। भाजपा ने पटनायक की पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) को इस वर्ष हुए ओडिशा विधानसभा चुनाव में परास्त करके राज्य की सत्ता से बाहर कर दिया था। सिंह ने कहा, नीतीश कुमार के सत्ता में आने से पहले बिहार खस्ताहाल सड़कों, विद्यालयों और इमारतों के लिए जाना जाता था, कुमार ने राज्य को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। इसी तरह, नवीन पटनायक ने इतने सालों तक ओडिशा की सेवा की। उनके जैसे नेता भारत रत्न जैसे सर्वोच्च सम्मान के हकदार हैं। बिहार के राजनीतिक हलकों में सिंह को कुमार का आलोचक माना जाता है। सिंह ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद की ''कुचेष्टा'' के बावजूद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख नीतीश कुमार के नेतृत्व में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए उत्सुक है। गौरतलब है कि सिंह का यह बयान राजद द्वारा राजग के खींचतान का फायदा उठाने के प्रयासों की पृष्ठभूमि में आया है। राजद पूर्व में दो बार जदयू के साथ गठबंधन कर चुका है।

# जसप्रीत बुमराह ने रविचंद्रन अश्विन के रिकॉर्ड रेटिंग अंकों की बराबरी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**दुबई/भाषा।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की गेंदबाजों की रैंकिंग में अपने रेटिंग अंक 904 पर पहुंचा कर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के भारतीय रिकॉर्ड की बराबरी की।

बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में 94 रन देकर नौ विकेट लिए थे जिससे उन्हें 14 रेटिंग अंक मिले। इससे उन्होंने न सिर्फ अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी की बल्कि गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति भी मजबूत की। बुमराह के पास अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अश्विन को पीछे छोड़कर नया भारतीय रिकार्ड बनाने का मौका होगा। अश्विन ने दिसंबर 2016 में यह उपलब्धि हासिल की थी। इस ऑफ स्पिनर ने हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा (856) और ऑस्ट्रेलिया के जोश हेज़लवुड (852) भारतीय गेंदबाज के बाद क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

भारत के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके 825 रेटिंग अंक हैं। वह अभी इंग्लैंड के जो रूट (895) और हैरी ब्रूक (876) और न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन (867) से पीछे हैं।

ऑल राउंडर की सूची में भारत के रविंद्र जडेजा 424 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने गाबा में तीसरे टेस्ट में अपने चार विकेट और 42 रन की बदौलत शीर्ष 10 में जगह बना ली है।

# कश्मीर में शीतलहर का प्रकोप, श्रीनगर में तापमान शून्य से 7.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** कश्मीर घाटी में कड़ाके की ठंड के बीच इसके अधिकतर इलाकों पर न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में कई जलाशयों एवं जलापूर्ति लाइन में पानी जम गया है।

मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि श्रीनगर में मंगलवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से 7.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। इससे एक दिन पहले यह आंकड़ा शून्य से 6.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। अगले दो दिनों में कश्मीर में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट का अनुमान है। गुलमर्ग को छोड़कर कश्मीर घाटी के अन्य सभी मौसम केंद्रों में रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई।

अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में कश्मीर घाटी 'चिल्ला-ए- कलां' (बहुत अधिक सर्दी) की चपेट में है। तापमान में गिरावट से जलापूर्ति वाली पाइप लाइन में पानी जम गया जबकि डल झील समेत कई जलाशयों की सतह पर बर्फ की पतली परत जम गई। विभाग ने बताया कि उत्तरी कश्मीर में 'स्कीइंग' गतिविधियों के लिए मशहूर पर्यटक स्थल गुलमर्ग में तापमान शून्य से 6.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि पिछली रात यह 7.4 डिग्री सेल्सियस था।

## सुविचार

मनुष्य तकिये के कवर जैसा है। एक कवर का रंग लाल है, दूसरे का नीला और तीसरे का रंग काला है ; लेकिन सबके अंदर वही रुई भरी हुई है। यही मनुष्यों में भी है, एक सुंदर है, दूसरा बदसूरत है, तीसरा साधु है और चौथा दुष्ट है लेकिन ईश्वरीय तत्व सबके अंदर है।


दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# पढ़ाई को रोचक बनाएं

केंद्र सरकार ने साल के आखिर में परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहने वाले कक्षा पांच और आठ के विद्यार्थियों के लिए 'अनुत्तीर्ण न करने की नीति' को खत्म कर ऐसा कदम उठाया है, जो भविष्य में स्कूली शिक्षा के दौरान सीखने की प्रक्रिया में सुधार करेगा। इस नीति पर पहले भी कई सवाल उठे थे। जब बच्चे को यह लगता है कि वह पढ़ाई में मेहनत करे या न करे, उसे कोई अनुत्तीर्ण करने वाला नहीं है, तो वह पूर्ण मनोयोग से क्यों पढ़ाई करेगा? ज्यादातर बच्चे मेहनत करते हैं, उनके माता-पिता पढ़ाई की ओर ध्यान लगाने के लिए कहते हैं। वहीं, कुछ बच्चों के रवैए में लापरवाही भी आ जाती है। जब अनुत्तीर्ण करने जैसा कोई प्रावधान ही नहीं होगा तो ये बच्चे पढ़ाई को गंभीरता से नहीं लेते। इसका उन्हें क्षणिक लाभ तो मिल सकता है, लेकिन कालांतर में इससे हानि ही होगी। जब बुनियाद कमजोर रहेगी तो इमारत कैसी होगी? कुछ साल पहले राजस्थान में एक सामाजिक 'कार्यकर्ता' ने विचित्र मांग के साथ नई बहस छेड़ दी थी। उन्होंने कहा था कि 'अंग्रेजी ऐसा विषय है, जिसमें कई बच्चों को बहुत संघर्ष करना पड़ता है, कुछ बच्चे तो इसमें बमुश्किल उत्तीर्ण हो पाते हैं, कई बच्चे अन्य विषयों में उत्तीर्ण हो जाते हैं, लेकिन अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण रहते हैं ... इसलिए यह विषय ही हटा देना चाहिए!' कुछ लोगों ने उनकी हां में हां मिलाई थी और दावा किया था कि उन्हें स्कूली पढ़ाई के दौरान अंग्रेजी की किताबें बिल्कुल नहीं सुहाती थीं, परीक्षा में इसका प्रश्नपत्र हाथ में आते ही पढ़ा-पढ़ाया सब भूल जाते थे, इसलिए यह सुझाव सही है! हालांकि उनके इस सुझाव का काफी विरोध हुआ। उनमें वे लोग भी शामिल थे, जो पढ़ाई के दिनों में अंग्रेजी को खास पसंद नहीं करते थे, लेकिन इस विषय का महत्त्व जानते थे। एक ओर जहां दुनियाभर में अंग्रेजी का दबदबा बढ़ता जा रहा है, वहीं स्कूली शिक्षा में कुछ बच्चों को इससे दूर कर देने का मतलब होता- उन्हें भविष्य में कई अवसरों से वंचित करना।

अगर कोई विषय पढ़ने में कठिन लगता है तो उन कठिनाइयों को दूर किया जाए। आज किसी भी विषय को रोचक ढंग से पढ़ाने-समझाने के लिए ढेरों विकल्प मौजूद हैं। इसी तरह जो बच्चे स्कूली पढ़ाई में आशानुकूल प्रदर्शन नहीं कर पाते और उनके अनुत्तीर्ण होने की आशंका है तो इसका समाधान यह नहीं है कि उन्हें ' खास तरह की छूट' दे दी जाए। ज्ञान प्राप्त करने में ऐसी छूट आलस्य का कारण बनती है, जो भविष्य में बहुत महंगी पड़ सकती है। इसका समाधान यह है कि शिक्षक उन बच्चों की पहचान करें, जिनका पढ़ाई में प्रदर्शन कमजोर है। उन पर ज्यादा ध्यान दिया जाए। उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जा सकती हैं। उनके अभिभावकों से संपर्क कर कई बातों का पता लगाया जा सकता है। वे स्कूल के बाद किन गतिविधियों में व्यस्त रहते हैं, घर में कितने घंटे पढ़ाई करते हैं, शिक्षा में अपनी प्रगति के बारे में क्या बताते हैं, इनके दोस्त कौन हैं, उनका प्रदर्शन कैसा है ... जैसे कुछ सवाल पूछकर 'समस्या' की असल वजह को आसानी से मालूम किया जा सकता है। ऐसे कई उदाहरण हैं, जब शुरुआती कक्षाओं में किसी विद्यार्थी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। इसकी अलग-अलग वजह हो सकती हैं। यह भी देखा गया है कि ऐसे विद्यार्थी बाद में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। कई महान वैज्ञानिकों, लेखकों, गणितज्ञों का जीवन ऐसा रहा है। इस बदलाव में उनके शिक्षकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषय कुछ कठिन माने जाते हैं, लेकिन इन्हें रोचक ढंग से पढ़ाया जाए तो ये विद्यार्थियों को बहुत सरल लगते हैं। शिक्षकों द्वारा किए गए ऐसे प्रयोग परीक्षा परिणाम सुधारने में सहायक सिद्ध होते हैं। कुछ शिक्षक ऐसे बच्चों के साथ बहुत सख्त और रूखा बर्ताव करते हैं। किसी विद्यार्थी को कक्षा में खड़ा कर सबके सामने अपमानित करने, प्रार्थना सभा में अलग करने, उसकी पिटाई करने ... जैसे तरीके बहुत प्रचलित रहे हैं। इससे उस विद्यार्थी का प्रदर्शन तो नहीं सुधरता, अलबत्ता वह खुद को असहाय महसूस करते हुए पढ़ाई से पीछा छुड़ाने की कोशिश जरूर करने लगता है। इक्कीसवीं सदी में ऐसे 'तरीकों' के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी 100वीं जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

**-नरेन्द्र मोदी**



भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत एवं 'भारत रत्न' से सम्मानित श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती 'सुशासन दिवस' के विशेष उपलक्ष्य पर आज प्रदेश कार्यालय में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

**-भजनलाल शर्मा**



जम्मू कश्मीर के पुंछ में वाहन दुर्घटना में शहीद हुए सेना के वीर जवानों को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। इस दुखद घड़ी में हम सभी उनके शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। कई जवानों के घायल होने का भी समाचार है। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

**-अशोक गहलोत**

## प्रेरक प्रसंग

निरंतर सीख से सफलता

एडमंड हेली महान वैज्ञानिक न्यूटन के समकालीन थे। उन्होंने न्यूटन ककी रिसर्च में भी बहुत सहयोग किया था। एक ओर वह खगोल से जुड़ी रिसर्च करते थे, तो वहीं दूसरी ओर न्यूटन के रिसर्च कार्यों में भी सहयोग करते थे। एडमंड धीरे-धीरे न्यूटन के सबसे प्रिय हो गये। इसलिए कुछ शोध छात्र उनकी बेवजह शिकायत न्यूटन से किया करते। मगर न्यूटन ने उनको समझाया कि देखो, यह अपनी प्रयोगशाला के बाहर भी लगातार सीखता रहता है।

इसे आत्मप्रशंसा पसंद नहीं। लोगों को बिना बताए और बिना उनको तंग किये भी यह उनसे सीखता रहता है। फिर जो भी शोध-छात्र हर दिन कुछ न कुछ नया सीख रहा है वह एक जिम्मेदार इंसान बनेगा। ऐसा ही हुआ। सर एडमंड हैली एक अंग्रेज खगोलशास्त्री और गणितज्ञ बने, जिन्होंने धूमकेतु की कक्षा की गणना सबसे पहले की थी, जिसका नाम बाद में उनके नाम पर ही रखा गया। उनकी समाधि पर लगे पत्थर पर उन्हें 'अपने युग के खगोलशास्त्रियों का राजकुमार' बताया गया है।

## सामयिक

# गठबंधन में अलग-थलग होती कांग्रेस

सुरेश हिंदुस्तानी
मोबाइल : 9425101815




वर्तमान समेत में भारत की राजनीति निश्चित ही अनिश्चितता का एक ऐसा खेल है, जिसका सीधा सा आशय नहीं निकाल सकता। यानि जो दिखता है, वैसा होता नहीं है और जो हो जाता है, वह दिखता नहीं है। इसी कारण से कभी कभी राजनीति से अविश्वास भी होने लगता है। यह अविश्वास केवल जनता के मन में उपजता है, ऐसा नहीं है, राजनीति के ज्ञाता भी इसकी परिधि में गाहे बगाहे आ जाते हैं। आज के दौर में कांग्रेस के प्रति भी अविश्वास का भाव लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्तमान केंद्र सरकार पर निरंतर हमालवर रहने वाले इंडी गठबंधन के राजनीतिक दल आज स्वयं के लिए अलग मार्ग तलाश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। कोई दल कांग्रेस को भाव देने को तैयार नहीं है, लेकिन समस्या यह है कि कांग्रेस आज भी इस सच को आईने में देखने को तैयार नहीं है। आज कांग्रेस की सत्यता यही है कि उसे अपनी विरासत पर ही भरोसा है, इसके अलावा अन्य राजनेता भले ही बड़े पद पर पहुँच जाए, लेकिन उसको जितना महत्व मिलना चाहिए उतना मिलता नहीं है। वर्तमान में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कमोवेश ऐसी ही स्थिति का सामना कर रहे हैं। वे सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के समक्ष लगभग नतमस्तक से ही दिखाई देते हैं।

पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जो अ सफलता मिली, उसे कांग्रेस भले ही सफल बताने का प्रयास करे, लेकिन वह सफलता इसलिए नहीं मानी जा सकती, क्योंकि यह कांग्रेस की अपनी स्वयं की राजनीतिक ताकत नहीं थी, इसमें इंडी गठबंधन के दलों का योगदान था। उत्तरप्रदेश के लोकसभा चुनावों में विपक्षी दलों को निश्चित ही अपेक्षित सफलता मिली, लेकिन इसे कांग्रेस की सफलता नहीं माना जा सकता। अगर कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी नहीं होती तो कांग्रेस की इतनी सीटें नहीं आती। सत्य यही है कि आज कांग्रेस बिना गठबंधन के आगे बढ़ नहीं सकती, लेकिन कांग्रेस के नेताओं का व्यवहार ऐसा है कि वही सबका नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं है। इसी कारण इंडी गठबंधन में दरार पैदा करने वाले स्वर भी सुनाई देने लगे हैं। राजनीतिक आकलन किया जाए तो इन स्वरों के यही निहितार्थ निकल सकते हैं कि कांग्रेस के पास इंडी गठबंधन को नेतृत्व देने का सामर्थ्य नहीं है। पश्चिम बंगाल में अपने राजनीतिक कौशल का लगातार परिचय देने वाली तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए व्याकुल दिखाई दे रही हैं। ममता बनर्जी की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि वे किसी और के नेतृत्व में काम करने के लिए सहज़ नहीं है। इसलिए उन्होंने यह स्वयं ही कहा है कि अगर कांग्रेस चाहे तो तृणमूल कांग्रेस गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। इसका आशय पूरी तरह से स्पष्ट है कि कांग्रेस में अब नेतृत्व करने की शक्ति नहीं बची है। हर जगह से कांग्रेस को आइना दिखाने का क्रम प्रारम्भ हो चुका है, लेकिन कांग्रेस में तो केवल और केवल इसी बात की राजनीति की जा रही है कि राहुल और प्रियंका को कैसे स्थापित किया जाए। इसी के चलते कांग्रेस अन्य दलों की लगभग अनदेखी सी करने का प्रयास कर रही है।

कांग्रेस अनेक बार उत्थान और पतन की राजनीति से गुजरी है। लगातार तीन लोकसभा चुनावों में पराजय का दंश झेलने वाली कांग्रेस की विसंगति यही है कि वह केवल विरोध करने की राजनीति ही कर रही है। कांग्रेस के नेताओं का हर बयान मोदी या भाजपा तक ही सीमित रहता है। यह अब कांग्रेस का स्थायी भाव सा बन गया है। इसका मतलब यह भी निकल सकता है कि उनके पास स्वयं की ऐसी कोई उपलब्धि नहीं है, जिसके आधार पर राजनीति की जा सके। अभी हाल ही में प्रियंका वाड्रा ने संसद में कांग्रेस का रटारटाया बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि मोदी सरकार संविधान बदलना चाहती है। इसमें कितनी सच्चाई है, यह तो राजनीति करने वाले जानते ही हैं, लेकिन ऐसे बयान इसलिए भी उचित नहीं कहे जा सकते, क्योंकि यह बयान अनुमान पर ही आधारित हैं। यह बयान ठोस नहीं हैं। ऐसे बयानों का मतलब सबको समझ में भी आने लगा है। कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि कांग्रेस की राजनीति आधारहीन होती जा रही है। वास्तव में कांग्रेस को अब समय के हिसाब से प्रासंगिक होना चाहिए। प्रासंगिकता के अभाव में कांग्रेस को अब वैसा भाव नहीं मिल रहा, जैसा कांग्रेस को चाहिए।

अभी हाल ही महाराष्ट्र और झारखण्ड में विधानसभा के चुनाव हुए। जिसमें कांग्रेस को जैसे प्रदर्शन की उम्मीद थी, वैसा परिणाम नहीं रहा। झारखण्ड में गठबंधन को सफलता जरूर मिली, लेकिन इसे कांग्रेस की सफलता नहीं माना जा सकता। महाराष्ट्र में कांग्रेस को बेमेल गठबंधन ले डूबा। यहां भी फ़जीहत कांग्रेस की हुई। कांग्रेस के समक्ष हालात यह होते जा रहे हैं कि उसे अब तिनके की तलाश करनी पड़ रही है। देश के कई राज्यों में कांग्रेस अपने बूते चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। जहाँ अकेले चलने का प्रयास किया, वहां धड़ाम से नीचे गिर गई। लगातार झटके खाने की आदी होती जा रही कांग्रेस को एक झटका दिल्ली में मिला है। आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस से दूरी बनाकर यह संकेत दे दिया है कि कांग्रेस का वजूद क्या है। इसके बाद कांग्रेस को स्वयं का आकलन करना चाहिए। लेकिन कांग्रेस ऐसा करने को तैयार नहीं दिखती। कांग्रेस की वर्तमान राजनीतिक स्थिति को देखकर यही कहा जा सकता है कि वह अब इंडी गठबंधन में अलग थलग होती जा रही। कांग्रेस को उसके सहयोगी राजनीतिक दल ही किसी प्रकार का भाव देने की स्थिति में नहीं है। इसलिए कांग्रेस को चाहिए कि वह अपने आपको पिछलग्गू बनने की बजाय ठोस धरातल बनाने की राजनीति करे, नहीं तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है कि कांग्रेस को राजनीतिक दल ही नहीं, जनता भी नहीं पूछेगी।

## नजरिया

# आगामी बजट से वरिष्ठ नागरिकों को उम्मीदें

अशोक भाटिया
मोबाइल : 9221232130



साल 2025 का बजट पेश होने वाला है और वरिष्ठ नागरिकों को इस बजट से खास उम्मीदें हैं।वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बजट से सीनियर सिटीजंस को काफी उम्मीद हैं। वित्तमंत्री 1 फरवरी को लोकसभा में यूनियन बजट पेश करेंगी। पिछले साल को पेश बजट में वित्तमंत्री ने सीनियर सिटीजंस के लिए कोई बड़ा ऐलान नहीं किया था। इसलिए सीनियर सिटीजंस को आने वाले बजट से ज्यादा उम्मीदें हैं,ताकि उन्हें पता चल सके कि उनके बटुए में और ज्यादा पैसे आएंगे या नहीं।

गौरतलब है कि इस समय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025 के बजट पर काम शुरू कर दिया है सो अभी से सीनियर सिटीजन ने अपनी तकलीफों व मांग को लेकर चर्चा शुरू कर दी है।यह ठीक है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स से मुलाकात की है। इस मुलाकात के दौरान पीएम आने वाले यूनियन बजट 2025 के लिए उनकी राय और सुझाव लिए।इस बैठक में निर्मला सीतारमण, नीति आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन बेरी, नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमनियम, मुख्य आर्थिक सहालकार अनंत नागेश्वरन और दूसरे जाने-माने अर्थशास्त्रियों ने पीएम मोदी के साथ हुई इस बैठक में हिस्सा लिया। इस मीटिंग में अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला, डीके जोशी भी शामिल रहे। ठीक है, परन्तु दुःख इस बात का है कि किसी भी सीनियर सिटीजन को उनकी तकलीफों व राय जानने के लिए नहीं बुलाया जाता।

इनकम टैक्स क़ानून के अनुसार, सीनियर सिटिज़न्स को दो समूहों में बांटा गया है - सीनियर सिटिज़न्स और सुपर सीनियर सिटिज़न्स। इनमें से प्रत्येक समूह के लिए टैक्स सम्बन्धी क़ानून भी अलग-अलग हैं। सीनियर सिटिज़न्स यानी 60 से 80 साल की उम्र के लोगों के लिए 3 लाख रुपये की इनकम तक टैक्स माफ़ है। सुपर सीनियर सिटिज़न्स यानी 80 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए 5 लाख रुपये की इनकम तक टैक्स माफ़ है। रिटायर्ड लोग चाहते हैं कि यह अंतर ख़त्म हो जाए क्योंकि कई लोगों के पास, पेंशन और इन्वेस्टमेंट को छोड़कर इनकम का कोई अन्य साधन नहीं है। उनका मानना है कि सबके लिए 5 लाख रुपये की छूट सीमा तय की जानी चाहिए ताकि सभी सीनियर सिटिज़न्स पर टैक्स का बोझ कम हो सके।मौजूदा टैक्स स्लैब के अनुसार, सीनियर सिटिज़न्स को अलग-अलग रेट के हिसाब से टैक्स देना पड़ता है।

सीनियर सिटीजंस को उम्मीद है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण हेल्थ इंश्योरेंस के प्रीमियम पर डिडक्शन बढ़ा सकती हैं। अभी 60 साल और इससे ज्यादा उम्र के लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी के प्रीमियम पर सालाना 50,000 रुपये डिडक्शन की इजाजत है। बुजुर्गों का कहना है कि पिछले कुछ सालों में खासकर कोविड की महामारी के बाद हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी का प्रीमियम काफी बढ़ गया है। इसलिए सरकार को 50,000 रुपये के डिडक्शन को बढ़ाकर कम से कम एक लाख रुपये कर देना चाहिए। इससे उन पर टैक्स का बोझ घटेगा।

सीनियर सिटिज़न्स पर महंगाई का ज्यादा असर पड़ता है। उनके इनकम के साधन सीमित और अक्सर निश्चित होने के कारण, बढ़ती महंगाई के कारण सीधे तौर पर उनकी खरीदने की ताकत कम हो सकती है। उनके पास महंगाई से लड़ने के लिए अपने इनकम को बढ़ाने का कोई तरीका नहीं भी हो सकता है। इसलिए, सरकार उन्हें अधिक से अधिक, महंगाई को मात देने वाले सेविंग्स और इन्वेस्टमेंट ऑप्शंस देने के बारे में सोच सकती है। वर्तमान में, सीनियर सिटिज़न्स सेविंग्स स्कीम में 30 लाख रुपये तक इन्वेस्ट किया जा सकता है जिस पर 8.2 7 प्रति वर्ष की दर से सुनिश्चित रिटर्न मिलता है। सरकार इस सीमा को बढ़ाने, ज्यादा रेट ऑफ़ रिटर्न देने और एक कम लॉक-इन फिक्स करने के बारे में सोचना चाहिए। इससे सीनियर सिटिज़न्स की खरीदने की ताकत बढ़ जाएगी और उन्हें बेहतर लिक्विडिटी मिल पाएगी।

कई सीनियर सिटीजन की मांग है कि उन्हें चालू ब्याज से 2 प्रतिशन अतिरिक्त ब्याज मिलना चाहिए। वैसे इस समय ऍफ़डी ब्याज दरों की बात करें तो डीसीबी बैंक में सीनियर सिटीजन को एफडी पर 8.6 प्रतिशत का ब्याज मिल रहा है। पंजाब एंड सिंध बैंक में सीनियर सिटीजन को एफडी पर 7.9 फीसदी का ब्याज दे रहा है। ज्यादातर बैंक सीनियर सिटीजन को अधिकतम 7.75 फीसदी का ब्याज दे रहे हैं। इसमें एसबीआई, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक आदि शामिल हैं। अगर सरकार 2 फीसदी तक ब्याज बढ़ता है तो सीनियर सिटीजन को मिलने वाला ब्याज 10 फीसदी तक जा सकता है।जिससे उनके बुढ़ापे की गाड़ी आसानी से चल सकती है। सीनियर सिटीजन को ब्याज पर रखे धन पर कर कटौती के लिए 15क फॉर्म भर कर देना पड़ता है सो बुजुर्गों को बैंक आने जाने में बहुत तकलीफ होती है व बैंक भी कोई सहयोग नहीं करते है जबकि रिजर्व बैंक के कायदे के अनुसार सीनियर सिटिजन को घर बैठे सर्विस देना चाहिए सो हर साल 15क फॉर्म को जमा करवाने का प्रावधान ही हटा देना चाहिए।

वसई पूर्व सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के आनंद बोंगिरवार के अनुसार सरकार वरिष्ठ नागरिको का बँक मे जमा पूँजी की पुरी राशी की सुरक्षा की गारंटी करें इसे 5 लाख की सीमा में लॉक अप न किया जाय। देश में चल रहे सभी विमान सेवा नागरिकों को 50 प्रतिशत डिस्काउंट प्रदान किया जाये, विमान सरकारी हो यां गैर सरकारी। इस समय पारिवारिक पेंशन के लिये 80 लाख लोग पेन्शन के लिये लगातार संघर्ष कर रहे है सभी वरिष्ठ नागरिक को पेन्शन प्रदान किया जाय क्योकि उन्होंने अपने जीवन काल मे बहुत ही कम पैसे मे गुजर किया था और महंगाई बढ़ने पर उनकी जमा पुंजी मे कमी हो गई हैं। इसी प्रकार सीनियर सिटीजन को दांतों की बीमारी के लिए इनकम टैक्स में कोई छूट नहीं मिलती। नकली दाँत बनवाने, और दांतों का इलाज करने की इनकम टैक्स में छूट दी जावे। दांतों के इलाज़ में एक बड़ी धनराशि ख़र्च होती है। मोदी सरकार ने चुनाव के पहले वायदा किया था कि 70 वर्ष से ऊपर के हर वर्ग के सीनियर सिटीजन को आयुष्मान कार्ड दिया जाएगा वह कार्यान्वित तो हो रहा है पर सीनियर सिटीजन कि मांग है कि उम्र सीमा घटा कर 70 से 60 वर्ष की जाय तथा यह आयुष्मान कार्ड गिने चुने सरकारी हॉस्पिटल में काम आता है, यदि यह सभी प्राइवेट हॉस्पिटल में भी लागू हो तो इसकी सार्थकता होगी।

कोविड से पहले तक सीनियर सिटीजन को ट्रेन टिकट पर 40 से 50 फीसदी तक की छूट दी जाती थी लेकिन ये छूट कोविड के समय खत्म कर दी गई। कोविड का डर देश और दूनिया में खत्म होने के बाद भी सरकार ने इस छूट को फिर से शुरू नहीं किया है। अब सीनियर सिटीजन बजट में ट्रेन टिकट पर 50 फीसदी तक की छूट दिये जाने की डिमांड कर रहे हैं। वह उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार उन्हें ये छूट फिर से देना शुरू करेंगे।गौरतलब है कि आईआरसीटीसी सीनियर सिटीजन के लिए स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनों की सभी केटेगरी में रियायती किराए ऑफर करता था। आईआरसीटीसी साल 2019 के अंत तक 60 साल से अधिक उम्र के सीनियर सिटीजन और 58 साल या उससे अधिक उम्र की महिला बुजुर्ग यात्रियों को दुरंतो, शताब्दी, जन शताब्दी, राजधानी, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के ट्रेन टिकटों पर किराए में छूट देता था। जहां पुरुष वरिष्ठ नागरिक 40 प्रतिशत की रियायत के पात्र थे, वहीं महिला वरिष्ठ नागरिक ट्रेन टिकट पर 50 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकती थी।साल 2019 के अंत तक सीनियर सिटीजन को ट्रेनों की टिकट की कीमत पर 40 से 50 फीसदी तक की छूट मिली थी। अगर राजधानी का फर्स्ट एसी का टिकट 4,000 रुपये है तो सीनियर सिटीजन को 2,000 या 2,300 रुपये में मिलता था। फिर साल 2019 के अंत और साल 2020 की शुरुआत में कोविड देश और पूरी दुनिया में फैल गया जिसके बाद आईआरसीटीसी की टिकट बुकिंग विंडो पर ये सर्विस मिलनी बंद हो गई। अब सीनियर सिटीजन उम्मीद कर रहे हैं कि बजट में उन्हें ये खास छूट फिर से मिलेगी।

सीनियर सिटीजंस का कहना है कि कई ऐसे बुजुर्ग हैं, जिनका अपना घर नहीं है। वे किराया के घरों में रहते हैं। उन्हें हर महीने मकानमालिक को किराया चुकाना पड़ता है। रेगुलर इनकम नहीं होने से उन्हें दिक्कत आती है। सरकार को ऐसे सीनियर सिटीजंस को घर के किराए पर टैक्स डिडक्शन देना चाहिए, जिनकी रेगुलर इनकम नहीं है। इससे बुजुर्गों पर टैक्स का बोझ कम होगा। उन्हें उम्मीद है कि वित्तमंत्री इस बार बजट में उनकी यह मांग पूरी करेंगी।

वर्तमान में, मूल कर छूट सीमा वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक आयु) के लिए 3 लाख रुपये और बहुत वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष से अधिक आयु) के लिए 5 लाख रुपये है। यह वह सीमा है जिस तक वरिष्ठ नागरिक की आय पर कर नहीं लगता है। अब, मांग यह है कि बजट में नई कर व्यवस्था में वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक) के लिए मूल कर छूट सीमा को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया जाना चाहिए, जो कि बहुत वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष से अधिक) के समान है। वरिष्ठ नागरिक आगामी 2025 बजट में संभावित बोनस योजनाओं और कर प्रोत्साहनों को लेकर आशान्वित हैं। यह उम्मीद बुजुर्ग आबादी के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर आधारित है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए तैयार किए गए बोनस धन का सीधा इंजेक्शन प्रदान कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य देखभाल, दैनिक जीवन और अन्य आवश्यक खर्चों से जुड़ी बढ़ती लागत को संबोधित करने में मदद मिलेगी। इससे न केवल वरिष्ठ नागरिकों की वित्तीय सुरक्षा बढ़ेगी बल्कि समाज में उनके योगदान को भी मान्यता मिलेगी। तो, ये वित्त वर्ष 2025 -26 के आगामी केंद्रीय बजट के लिए वरिष्ठ नागरिकों की कुछ सामान्य उम्मीदें हैं। वरिष्ठ नागरिकों की आर्थिक चुनौतियों का समाधान करके, सरकार बुजुर्ग समुदाय को सशक्त और उत्थान कर सकती है, जिससे उनकी सेवानिवृत्ति के वर्षों के दौरान अधिक सम्मानजनक और आरामदायक जीवन सुनिश्चित हो सके।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# चीन के लिए 2024: लद्दाख में भारत के साथ सैन्य गतिरोध समाप्त

बीजिंग/भाषा। गुजरता साल भारत-चीन संबंधों की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा जो चार वर्ष से अधिक समय तक उनके संबंधों में गतिरोध के बाद समाधान लेकर आया। चीन-भारत के बीच 1962 में हुए युद्ध के बाद से दोनों देशों के बीच टकराव की यह सबसे लंबी अवधि थी जो पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध को समाप्त करने के समझौते के साथ खत्म हुई।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल में लोकसभा में इस मुद्दे पर एक बयान देते हुए अप्रैल-मई 2020 में ''पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन द्वारा बड़ी संख्या में सैनिकों को जमा करने'' का जिक्र किया था।

इसी के परिणामस्वरूप जून 2020 में गलवान घाटी में संघर्ष हुआ और दोनों एशियाई दिग्गजों के बीच संबंधों में दरार आ गई। साल 1962 के युद्ध के बाद का तनाव 1988 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बीजिंग यात्रा तक बना रहा था। इस बार, दोनों देशों ने शीर्ष कमांडरों के बीच और परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) के माध्यम से समय-समय पर बातचीत की, जिसके परिणामस्वरूप बफर जोन बनाकर पूर्वी लद्दाख में चार बिंदुओं - गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और गोगरा से चरणबद्ध तरीके से सैनिकों की वापसी हुई।

अंततः 21 अक्टूबर को भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर देपसांग और डेमचोक के टकराव वाले बाकी बिंदुओं पर गश्त और सैनिकों की वापसी पर एक समझौते को अंतिम रूप दिया।

इसी के परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर बैठक हुई, जो पांच वर्षों में उनकी पहली बैठक थी।

# फिल्म 'अगथिया' का मोशन पोस्टर जारी

मुंबई/एजेन्सी



रहस्य, फैंटसी, हॉरर और थ्रिल से भरपूर फिल्म 'अगथिया' का मोशन पोस्टर निर्माता अनीश अर्जुन देव और डॉ इशारी के गणेश ने सोशल मीडिया पर जारी किया। वाइड ऐंगल मीडिया के साथ डॉ इशारी के गणेश की प्रस्तुत इस फिल्म 'अगथिया' का लेखन और निर्देशन पीए विजय ने किया है। फिल्म का संगीत युवा संगीतकार युवान शंकर राजा ने दिया है। फिल्म के सभी गाने निर्देशक पीए विजय ने लिखे हैं।

फिल्म का नाम 'अगथिया' का मोशन पोस्टर काफी इंटरेस्टिंग के साथ काफी रहस्यमय लग रहा है। फिल्म के नाम से भी जाहिर है कि इसमें रहस्य और रोमांच के साथ फैंटसी का तड़का भी लगाया गया है। मोशन पोस्टर शुरू होते ही पुरानी घड़ी के कलपुर्जे जैसी आकृतियां और मशीनरी जैसा दर्शाया गया है जो कई परतों से होते हुए बैकग्राउंड में चल जाता है और सामने ऐन्टिक स्टाइल में 'अगथिया' के साथ सब हेडलाइन 'ऐन्जल वर्सेज़ डेविल' लिखा हुआ आता है, जो तमिल, तेलुगु, हिन्दी और इंग्लिश के साथ बदलता रहता है। पोस्टर में फिल्म के यूनीक स्टाइल में लिखे हुए नाम के साथ एक रहस्यमयी म्यूजिक बैकग्राउंड में सुनाई दे रहा है। पूरा मोशन पोस्टर रहस्यमयी होने के साथ ही कई सवाल भी छोड़ जाता है जिनका जवाब फिल्म की रिलीज के बाद ही मिलेगा।

इस संबंध में फिल्म के निर्माता अनीश अर्जुन देव ने कहा कि यह फिल्म एक फैंटसी हॉरर और थ्रिलर फिल्म है, जो एक युवा और संघर्षशील आर्ट डायरेक्टर की कहानी दर्शाएगी।

वह एक पुराने कैमरे के जरिए 1940 की दुनिया में दाखिल हो जाता है और इतिहास के गर्त में दफन कई रहस्यों को खोजने की कोशिश करता है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में भारत में अंग्रेजी हुकूमत के दृश्य भी दर्शकों को एक अलग प्रकार का अनुभव देंगे। फिल्म का निर्माणकार्य पूरा हो चुका है, जल्दी है इसका टीज़र और ट्रैलर भी रिलीज करेंगे।।

यह फिल्म तमिल और तेलुगु के साथ हिन्दी में भी बड़े स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। कुल तीन भाषाओं में रिलीज होने वाली महत्वाकांक्षी फिल्म 'अगथिया' को आने वाली 31 जनवरी को रिलीज किया जाएगा।

# सलमान रुश्दी की द सैटेनिक वर्सेज 36 साल के प्रतिबंध के बाद भारत लौटी

नई दिल्ली/भाषा। ब्रिटिश-भारतीय उपन्यासकार सलमान रुश्दी की विवादास्पद पुस्तक ''द सैटेनिक वर्सेज'' राजीव गांधी सरकार द्वारा प्रतिबंधित किए जाने के करीब 36 साल बाद खामोशी से भारत वापस आ गई है।

पिछले कुछ दिनों से राष्ट्रीय राजधानी स्थित 'बाहरीसन्स बुकसेलर्स' में इस पुस्तक का ''सीमित स्टॉक'' बिक रहा है। इस किताब की विषय-वस्तु और लेखक के विरुद्ध काफी हंगामा हुआ और दुनिया भर के मुस्लिम संगठनों ने इसे ईशनिंदा वाला माना था।

'बाहरीसन्स बुकसेलर्स' की मालिक रजनी मल्होत्रा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हमें किताब मिले कुछ दिन हो गए हैं और अब तक प्रतिक्रिया बहुत अच्छी रही है। अच्छी बिक्री हो रही है।

किताब की कीमत 1,999 रुपए है और यह पुस्तक केवल दिल्ली-एनसीआर में 'बाहरीसन्स बुकसेलर्स' स्टोर पर उपलब्ध है।

किताब विक्रेता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सलमान रुश्दी की 'द सैटेनिक वर्सेज' अब बाहरीसन्स बुकसेलर्स पर उपलब्ध है। इस अभूतपूर्व और विचारोत्तेजक उपन्यास ने अपनी कल्पनाशील कहानी और 'बोल्ड' थीम के साथ दशकों से पाठकों को आकर्षित किया है। यह अपने विमोचन के बाद से ही वैश्विक विवाद के केंद्र में रही है, जिसने अभिव्यक्ति की आजादी, आस्था और कला पर बहस छेड़ दी है। 'पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया' की प्रधान संपादक मानसी सुब्रमण्यम ने भी सोशल मीडिया मंच पर रुश्दी का उद्धरण देते हुए पोस्ट किया। उन्होंने कहा, भाषा साहस देती है, किसी विचार को ग्रहण करने और व्यक्त करने की काबिलियत पैदा करती है और इस हिम्मत के साथ सच्चाई आकार लेती है।

## प्रतियोगिता



अमृतसर में सिख बच्चों ने सिख गुरु के बेटों की याद में 'चार साहिबजादों' की शहादत को याद करने के लिए पगड़ी बांधने की प्रतियोगिता में भाग लिया।

# राजनीतिक प्रतिशोध के लिए न्यायपालिका को हथियार बना रही यूनुस सरकार : वाजिद

वाशिंगटन/भाषा। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे संजीब वाजिद ने मोहम्मद यूनुस नीत अंतरिम सरकार पर अवामी लीग के नेताओं के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध के लिए न्यायपालिका का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

वाजिद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक लंबे पोस्ट में ये आरोप ऐसे समय में लगाए हैं, जब अंतरिम सरकार ने दो दिन पहले कहा था कि उसने नई दिल्ली को राजनयिक पत्र भेजकर हसीना को भारत से बांग्लादेश प्रत्यर्पित करने की मांग की है।

हसीना (77) पांच अगस्त से भारत में हैं। वह बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी आंदोलन के चलते अवामी लीग की 16 साल पुरानी सरकार के पतन के बाद ढाका छोड़कर भारत पहुंची थीं।

बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने ''मानवता और नरसंहार के खिलाफ अपराधों'' के लिए हसीना और कई पूर्व कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों तथा सैन्य एवं असैन्य अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं।

वाजिद ने मंगलवार को एक पोस्ट में कहा, यूनुस नीत अनिर्वाचित सरकार की ओर से नियुक्त न्यायाधीशों और अभियोजकों ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के माध्यम से हास्यास्पद सुनवाई प्रक्रिया का संचालन किया, जो इसे एक राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बनाता है, जिसमें इंसाफ को छोड़ दिया गया और अवामी लीग नेतृत्व को सताने के लिए एक और हमला किया गया।

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र से जुड़े वाजिद अमेरिका में रहते हैं। वह हसीना सरकार में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के सलाहकार पद पर तैनात थे। उन्होंने कहा, कंगारू न्यायाधिकरण की स्थापना और उसके बाद प्रत्यर्पण का अनुरोध ऐसे समय में किया गया है, जब सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं की न्यायेतर हत्या की जा रही है, उन पर हत्या के संगीन आरोप लगाए जा रहे हैं, कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा हजारों लोगों को अवैध रूप से कैद किया जा रहा है और शासन की अनदेखी के कारण हर रोज लूटपाट, तोड़फोड़ व आगजनी सहित हिंसक घटनाएं हो रही हैं।

भारत ने सोमवार को नई दिल्ली में बांग्लादेश के उच्चायुक्त से एक राजनयिक पत्र प्राप्त होने की पुष्टि की थी, लेकिन इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी।

भारत-बांग्लादेश प्रत्यर्पण संधि के प्रावधानों के अनुसार अगर अपराध 'राजनीतिक स्वरूप' का है, तो प्रत्यर्पण से इनकार किया जा सकता है।

बांग्लादेश के अघोषित विदेश मंत्री तौहीद हुसैन ने कहा कि ढाका चाहता है कि हसीना वापस आएं और न्यायिक प्रक्रिया का सामना करें।

# बीस साल में एक बार आती हैं वनवास जैसी फिल्में : अनिल शर्मा

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार अनिल शर्मा का कहना है कि 20 साल बाद वनवास जैसी फिल्म आती है। अनिल शर्मा इन दिनों अपनी फिल्म वनवास को लेकर चर्चा में हैं। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म वनवास हाल ही में रिलीज हुयी है। इस फिल्म में नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर ने अहम भूमिका निभायी है। अनिल शर्मा ने संवाद एजेंसी 'यूनिवार्ता' से जूम पर विशेष बातचीत में अपनी फिल्म वनवास की चर्चा की। बॉलीवुड में वृद्ध माता-पिता के रिश्ते पर अवतार,सारांश, संसार, बागवान जैसी चंद फिल्में बनायी गयी है। फिल्म वनवास पिता और बच्चों के रिश्तों पर आधारित है।फिल्म की कहानी एक बुजुर्ग पिता की है जो अपने ही बच्चों के द्वारा त्याग दिया जाता है। फिल्म वनवास बनाने के बारे में पूछे जाने पर अनिल शर्मा ने बताया, माता-पिता के रिश्ते तो वहीं होते है। वनवास जैसी फिल्में 20 साल में एक बार आती है। पिछले 15-20 साल में ऐसी फिल्में नही आयी है। नयी जेनेरशन के लिये ऐसी फिल्म नही आयी है। उन्होने ऐसी फिल्म नहीं देखी है। नयी जेनेरेशन के लिये फिल्म वनवास बनायी गयी है।

अनिल शर्मा ने बताया,वनवास के जरिये हमने यह कहने की कोशिश की है कि माता-पिता जब बुर्जुग हो जाते हैं तो वनवासी की तरह रह घर में रह जाते हैं। उनका ख्याल रखना चाहिये। यह बेहद आवश्यक है। लोगों ने जिस तरह से फिल्म को रिलीज के बाद प्यार दिया है। मै क्या बताउं।उससे मैं भाव विभोर हो गया हूं। जिस तरह मुझे लोग फोन कर रहे हैं, लोग बात कर रहे है।मुझे लगता कि वनवास मेरे करियर की सर्वोष्ठ फिल्म हो गयी है।

अनिल शर्मा ने अपने सिने करियर के दौरान हुकूमत, एलानेजंग, फरिश्ते ,तहलका,गदर एक प्रेम कथा और गदर 2 जैसी सुपरहिट एक्शन फिल्में बनायी है। माता-पिता के रिश्ते पर वनवास जैसी फिल्में बनाने के बारे में पूछे जाने पर अनिल शर्मा ने बताया, सबसे पहले मैंने श्रद्धांजली और बंघन कच्चे धागों जैसी पूर्ण पारिवारिक फिल्में बनायी है। इसके बाद फिल्म अपने बनायी थी। यह बैक टू रूट है। गदर ने भगवान ने इतना कुछ दिया, दर्शकों ने मुझे जो प्यार दिया। मेरा सामाजिक दायित्व मेरा फर्ज था मैं समाज को कुछ वापस करूं, वही मै कर रहा हूं। नाना पाटेकर की छवि एक्शन हीरो की रही है। फिल्म वनवास में नाना पाटेकर को मुख्य भूमिका में कास्ट किये जाने के बारे में पूछे जाने पर अनिल शर्मा ने बताया, नाना पाटेकर की उम्र वाले कलाकार इंडस्ट्री में दो-चार है। नाना पाटेकर साहब का जिक्र आया तो मुझे लगा वह काफी समय से काम नहीं कर रहे है। मुझे लगा कि दर्शकों के लिये यह नयी चीज रहेगी। नाना काफी बड़े एक्टर हैं। उनकी परफार्मेस का लेवल एक्स्ट्रीम है। फिल्मों से कलाकारों की छवि बनती है। नाना ने फिल्म वेलकम की। उनकी वैसी छवि नहीं थी। कलाकार को जो रोल देंगे वही छवि उसकी बन जायेगी।

## क्रिसमस



पटना में क्रिसमस समारोह के दौरान कैथोलिक चर्च में भक्त मोमबत्तियाँ जलाते हुए।

# आयरा बंसल तेलुगू फिल्मों में डेब्यू करेंगी

मुंबई/एजेन्सी



गोविंदा और वरुण शर्मा की फ्राई डे फिल्म की को-स्टार आयरा बंसल ने हाल ही में अपनी तेलुगु डेब्यू फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जो 2025 में रिलीज होगी। आगरा की रहने वाली और अभिनेत्री आयरा बंसल ने फ्राई डे, 36 फार्म हाउस और द जोया फैक्टर जैसी फिल्में की हैं और वह साउथ में डेब्यू करने के लिए काफी उत्साहित हैं। अपनी आने वाली फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरी तेलुगु डेब्यू एक एक्शन फिल्म है, जिसका नाम 'शिवा- द फाइटर' है। इस फिल्म में मैं इंदुकुरी सुनील वर्मा, विकास वशिष्ठ और पोसानी कृष्ण मुरली के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर कर रही हूं। फिल्म की डबिंग और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है, एक बार यह जल्दी ही पूरा हो जाए तो मैं इसके बारे में और बात कर पाऊंगी। म्यूजिक वीडियो में काम करने से आयरा को और काम मिलने में मदद मिली। उन्होंने राजू खेर के साथ सिंगल 'मेरी बिटिया',अली मर्चेंट के साथ 'है कहाँ', विनय बावा के साथ 'बुके' और 'दो पागल' में काम किया है। आयरा को लगता है की भगवान की खास कृपा है उनपे, क्योंकि उन्हें अपनी पिछली फिल्मों में कई बहुमुखी प्रतिभा वाले अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला। मैं खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूँ, क्योंकि मुझे अपनी फिल्म फ्राई डे में गोविंदा और वरुण शर्मा जैसे अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला। जैसा कि हम जानते हैं की उनकी कॉमिक टाइमिंग सबसे अच्छी है। दूसरी ओर, मुझे 36 फार्म हाउस में संजय मिश्रा और विजय राज जैसे गंभीर अभिनेताओं और विनीत कुमार सिंह, सौरभ शुक्ला और अन्य के साथ आधार में काम करने का मौका मिला।



# तमन्ना भाटिया की 'अरनमनई 4' सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्मों में से एक

मुंबई/एजेन्सी

पैन-इंडिया स्टार तमन्ना भाटिया ने अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से फिल्म इंडस्ट्री में मानक स्थापित करती जा रही हैं। 2024 की शुरुआत तमिल ब्लॉकबस्टर 'अरनमणई 4' से करने वाली तमन्ना ने एक बार फिर अपने दबदबे को साबित किया है, क्योंकि यह फिल्म इस साल की टॉप 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्मों में शामिल हो गई है। फिल्म में तमन्ना की सशक्त भूमिका 'सेल्वी' ने फिल्म की सफलता में अहम भूमिका निभाई, जिसे समीक्षकों और दर्शकों ने समान रूप से सराहा।

3 मई, 2024 को रिलीज़ हुई हॉरर-कॉमेडी ने दुनिया भर में छ100.24 करोड़ की कमाई की, और बॉक्स ऑफिस पर जीत के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। 'अरनमणई 4', जो इस लोकप्रिय फ्रेंचाइजी की चौथी कड़ी है, तमिल फिल्म उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई, जिसने सूखे दौर को समाप्त कर बॉक्स ऑफिस को फिर से जीवंत किया।

तमन्ना ने पहले इस बात पर प्रकाश डाली थी कि दक्षिण में बॉक्स ऑफिस पर एक महिला प्रधान फिल्म 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

हाल ही में रिलीज़ हुई अपनी ओटीटी फिल्म 'सिकंदर का मुकद्दर' में अपनी सूक्ष्म अभिनय के लिए सराही जा रही तमन्ना किसी भी प्रकार की धीमी गति का संकेत नहीं दे रही हैं। उनके पास आगामी प्रोजेक्ट्स जैसे कि तेलुगु फिल्म 'ओडेला 2' और करण जोहर की 'डेयरिंग पार्टनर्स' हैं, जो यह साबित करते हैं कि तमन्ना भाटिया भारतीय सिनेमा की सबसे बहुमुखी और सबसे भरोसेमंद स्टार्स में से एक हैं।

# रवीना टंडन ने शाहरुख खान के साथ पुरानी यादें की ताजा

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने शाहरुख खान के साथ एक पुरानी तस्वीर को शेयर कर पुरानी यादों को ताजा किया। रवीना टंडन ने सोमवार को इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरों की एक श्रृंखला पोस्ट की, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'एक पुरानी तस्वीर और बीते सप्ताह के साथ'। पहली तस्वीर में रवीना टंडन शाहरुख के साथ नजर आ रही हैं, जो शायद उनकी किसी फिल्म के दौरान की है। दूसरी तस्वीर में रवीना की बेटी राशा थडानी आरती कर रही हैं। अन्य तस्वीरों में रवीना अपने बच्चों और पालतू कुत्तों के साथ समय बिताती दिख रही हैं। हालांकि, शाहरुख के साथ वाली तस्वीर ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा। रवीना और शाहरुख ने पहले जमाना दीवाना फिल्म में साथ काम किया था। अभिनेत्री ने पहले भी बताया था कि आगे सहयोग के लिए कई मौके चूक गए। उन्होंने बताया कि उन्हें यश चोपड़ा की फिल्म डर में जूही चावला द्वारा निभाई गई भूमिका की पेशकश की गई थी, लेकिन कुछ दृश्यों को लेकर असहजता के कारण उन्होंने मना कर दिया था।।

बता दें कि रवीना टंडन की बेटी राशा, अभिषेक कपूर की आगामी फिल्म 'आजाद' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस फिल्म में वह अजय देवगन के भांजे अमन देवगन के साथ नजर आएंगी। वहीं लोकप्रिय टीवी अभिनेता मोहित मलिक इस फिल्म के साथ बतौर खलनायक अपनी शुरुआत कर रहे हैं। फिल्म का टीजर 5 नवंबर को सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 के साथ रिलीज किया गया था। टीजर एक महाकाव्य साहसिक कार्य का वादा करता है, जिसमें कहा गया है, हर जंग में, हर बहादुर योद्धा के साथ, एक वफादार घोड़ा ज़रूर रहा है। हल्दीघाटी के ऐतिहासिक युद्ध पर आधारित इस फिल्म में अजय देवगन और डायना पेंटी भी हैं। अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित, आज़ाद का निर्माण रॉनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर ने किया है, जबकि अभिषेक नैयर और अभिषेक कपूर सह-निर्माण कर रहे हैं। यह फिल्म जनवरी 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जीव को प्रबल पुण्याई से ही दुर्लभ मनुष्य जीवन मिलता है। उसमे भी हमारा सौभाग्य है कि हम जिनवाणी श्रवण करने हेतु यहा उपस्थित हुए है। कर्मवाद के सिद्धांत से अपने- अपने कर्मानुसार हर जीव सुख- दुःख भोगता है। सुख- दुःख का कर्ता जीव स्वयं ही है। इसलिए अपने जीवन को व्यर्थ मे न गवांते हुए संसार से मुक्ति ही अपना अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। इस पंचम आरे मे मुक्ति संभव नही है।



# एनएसएस का राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। मंगलवार को एजी जैन स्कूल, साहूकारपेट की एनएसएस इकाई द्वारा बीएससी जैन विद्यालय मैट्रिकुलेशन स्कूल में एक सप्ताह का राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में 25 स्वयंसेवकों का एक समूह भाग ले रहा है। शिविर का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि वर्धमान तत्वज्ञान जैन पाठशाला के उपाध्यक्ष हीरा चंद हस्तीमल, सचिव दलजीत ढढा और समिति के सदस्य गौतम चंद बोहरा और राहुल ने किया। दोनों विद्यालयों की प्रधानाध्यापिका डॉ. के.जयश्री और मालिनी ने समारोह में भाग लिया। सेवानिवृत्त पीजी हिंदी शिक्षक और एनसीसी अधिकारी जी. आनंदन सम्मानित अतिथि थे।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्रों को दूसरों की मदद करने के लिए निस्वार्थ सेवा की भावना विकसित करने की सलाह दी। सचिव ढढा ने मुख्य अतिथि श्री हीरा चंद द्वारा स्कूल को स्मार्ट टीवी बोर्ड के उदार दान के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने स्कूल के आधुनिकीकरण में योगदान देने वाले अन्य दानदाताओं शरद मेहता और छैल सिंह राजपुरोहित की भी प्रशंसा की। उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया कि सभी कक्षाओं में बहुत जल्द स्मार्ट टीवी बोर्ड होंगे।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एन भास्करन ने स्वागत भाषण दिया और 11वीं कक्षा के एनएसएस स्वयंसेवक महावीर सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।





# 'आत्मा के साक्षात्कार का एक महत्वपूर्ण प्रयोग है प्रेक्षाध्यान'

## चेतना केंद्र में सम्पन्न हुआ अष्ट दिवसीय प्रेक्षाध्यान साधना शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। प्रेक्षा फाउंडेशन के तत्वावधान में आचार्यश्री तुलसी महाप्रज्ञ चेतना सेवा केंद्र में आठ दिवसीय आवासीय प्रेक्षाध्यान साधना शिविर साध्वीश्री उदितयशाजी की निश्रा में सम्पन्न हुआ। शिविर में 72 शिविरार्थियों को प्रेक्षाध्यान,आसन प्रणायाम,शरीर विज्ञान, कायोत्सर्ग,अनुप्रेक्षा,समताल श्वासप्रेक्षा, योगिक क्रियायें, गमन योग, अर्हम् न्यास के साथ कायोत्सर्ग का प्रयोग, अर्हम् जप का साध्वीश्री उदितयशाजी, संगीतप्रभाजी, भव्ययशाजी एवं शिक्षाप्रभाजी तथा सविता जैन एवं वीणा बैद ने प्रशिक्षण दिया। समापन समारोह साध्वीश्रीजी द्वारा नमस्कार महामंत्र के साथ हुआ तथा शिविरार्थियों द्वारा प्रेक्षा गीत का संगान किया। दक्षिण संयोजिका एवं प्रेक्षा ध्यान शिविर संचालन समिति की संयोजिका वीणा बैद, पारमार्थिक शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष बजरंग जैन ने शिविर के सफल आयोजन की बधाई दी। राजराजेश्वरीनगर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष राकेश छाजेड़ तेयुप गांधीनगर के अध्यक्ष विमल धारीवाल, महिला मंडल राजाजीनगर अध्यक्ष उषा चौधरी. राजराजेश्वरीनगर महिला मंडल अध्यक्ष सुमन पटावरी, गांधीनगर महिला मंडल अध्यक्ष रिजु डूंगरवाल तथा विजयनगर महिला मंडल से बरखा पुगलिया ने अपने विचार रखे।

इस मौके पर साध्वीश्री संगीतप्रभाजी, भव्ययशाजी तथा शिक्षाप्रभाजी ने गीत की प्रस्तुति देते हुए ध्यान की सशक्त प्रेरणा और उसे नियमित जीवन में निरंतर अभ्यास मे संकल्पित होकर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया। साध्वीश्री उदितयशाजी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि ध्यान वास्तव में अपनी आत्मा के साक्षात्कार का एक महत्वपूर्ण प्रयोग है जिसे उन्होंने इस शिविर के दौरान साक्षात महसूस किया है और हर पल गुरुदेव को अपने साथ पाया है । उन्होंने कहा कि जब हम गुरुदेव के दिखाए हुए पथ पर चलते हैं और उनके दिए हुए अवदानों को जीवंत करते हैं तब तब सफलता का मार्ग ड्डूरा ही प्रशस्त हो जाता है। प्रेक्षाध्यान, अंतर दृष्टि को तो जागृत करता ही है साथ ही साथ सहजानंद को भी भीतर में उद्घाटित करने वाला है, इसलिए आज के युग में हर व्यक्ति के लिए ध्यान बहुत आवश्यक है। हम सभी साध्वियों को भी ध्यान साधना में पहले से भी और अधिक निमग्न बना दिया है, इसलिए उन्होंने बार-बार ध्यान को जीवन का आवश्यक अंग बनाने के लिए जोर दिया। तेरापंथ के 11वें आचार्यश्री महाश्रमणजी द्वारा घोषित प्रेक्षा कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित शिविर के समापन सत्र का संचालन प्रेक्षा प्रशिक्षक छत्रसिंह मालू ने किया। सरिता छाजेड़ ने आभार ज्ञापित किया। गुलाबदेवी छाजेड़ एंड संस का शिविर आयोजन में विशेष सहयोग प्राप्त हुआ ।



# अग्रवाल विद्यालय एंड जूनियर कॉलेज में पाँच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां वेपेरी स्थित अग्रवाल विद्यालय एंड जूनियर कॉलेज में 25 दिसम्बर से पतंजलि योगपीठ के प्रमुख स्वामी रामदेवजी महराज के सहयोग से, समग्र मानव स्वास्थ्य कल्याण हेतु मनुष्यों में बढ़ते विभिन्न प्रकार के रोगों एवं विशेष कर मधुमेह के लिए पाँच दिवसीय निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर के प्रथम दिन भारी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योग के माध्यम से अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाना सीखा एवं विभिन्न प्रकार के योगों की जानकारी प्राप्त की।

योग शिविर के प्रथम दिन स्वामी रामदेव महाराज के परम शिष्य स्वामी रिथदेव ने मधुमेह रोग के बारे में न सिर्फ जानकारी दी बल्कि उसके कारण एवं निवारण के

### योग से मधुमेह मुक्ति संभव है




बारे में भी लोगों को बताया। प्रथम दिन स्वामीजी ने मंडूक आसन, एक्यूप्रेशर पॉइंट, योगिक जोगिंग,तथा सुगम एवं सरल आसनों की जानकारी दी। शिविर की अन्य जानकारी एवं इसमें भाग लेते हेतु लाभार्थी इस नंबर 9381012117 पर संपर्क कर सकते हैं। इस योग शिविर के आयोजन में अग्रवाल विद्यालय एंड जूनियर कॉलेज के सदस्यों एसोसिएशन जैन समाज एवं पतंजलि योग पीठ की अहम भूमिका है जिसे सफल बनाने के लिए तीनों संस्थानों के सदस्य निरंतर कार्यरत हैं ।

# प्रभु पारसनाथ का जीवन अनुकरणीय है : विनयमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गणेश बाग में विराजित शिविराचार्यश्री विनयमुनिजी खींचन ने अपने प्रवचन में कहा कि आज भगवान पारसनाथ का 2900 वां जन्मदिन है। भगवान पारसनाथ की आत्मा सभी तीर्थंकरों में एक विशिष्ट आत्मा थी। उनकी आत्मा का सम्यकदर्शन रत्न प्राप्ति के पहले हल्लुकार्मिता उनका स्वभाव रूप था। इंद्रियों के प्रति, संसार के भौतिक पदार्थों की प्रति और परिग्रह के प्रति उनकी अनाशक्ति बचपन से ही बनी रही । पहला भव जहां से उन्होंने अध्यात्म धर्म यात्रा की शुरूआत की वहां से अंतिम भव में तीर्थंकर बनने तक साधना को निरंतर बनाए रखा। जब भी उन्हें कोई शारीरिक रूप से कष्ट आता वे हमेशा सहनशीलता से अपनी आत्मा को अध्यात्म से जोड़े रखते थे।

मनुष्यों के साथ-साथ में उन्होंने पशुओं के प्रति दया भाव को निरंतर बनाए रखा। गणेश बाग में संघ द्वारा सभी व्याख्यान में उपस्थित धर्म श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया व प्रभावना दी गई। संघ महामंत्री संपतराज मांडोत ने सभी का स्वागत किया। गुरुवार से प्रारंभ होने वाली आगम प्रवचन माला की जानकारी दी। आज के विशेष कार्यक्रम में संघ द्वारा मुनिश्री के बड़े भाई कस्तूरचंद ललवानी का स्वागत किया



# 'निपुण भारत' कार्यक्रम में यशवंतपुर की तेरापंथ महिलाओं ने फैलाई कैंसर जागरुकता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल यशवंतपुर ने कैंसर जागरूकता अभियान के तहत अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम 'निपुण भारत' कार्यक्रम में जागरूकता फैलाई। महिला मंडल अध्यक्ष मीना दक ने मल्लेश्वरम विधायक डॉ अश्वत्थनारायण को कैसर जागरूकता अभियान के पोस्टर दिया तथा कैंसर के प्रति जागरूक किया। अश्वत्थ नारायण ने महिला मंडल के इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि जब महिलाएं किसी लक्ष्य को लेकर कार्य करती है तो वह निष्पत्ति को प्राप्त करता है। प्रोफेसर कृष्ण गौड़ा ने इस अभियान को युग की जरुरत बताया। भाजपा महिला एवं बाल विकास उपाध्यक्ष डॉ सिद्दमण ने कहा कि सामाजिक संस्था जब सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलती है तो सफलता अवश्य मिलती है।

मंडल की मंत्री लाडली मुथा ने उपस्थित सभी जनों को वर्षभर से चल रहे इस अभियान के तहत संपादित हुए कार्यो की जानकारी दी। भाजपा के बार्ड अध्यक्ष गौतम मुथा, सभा मंत्री अनिल दक, यशवंतपुर पार्षद जयपाल आदि नेताओं के पोस्टर का विमोचन किया तथा कैंसर रोकथाम के लिए जागरुक किया।उपाध्यक्ष रेखा पितलिया, प्रचार प्रसार मंत्री लता भंसाली, सहमंत्री प्रीति गादिया, कन्या मंडल प्रभारी प्रियंका डुंगरवाल, चंद्रा दक, हेमा पोरवाड का विशेष सहयोग रहा।

# जोधपुर एसोसिएशन का स्नेह मिलन 29 को

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । जोधपुर एसोसिएशन का नववर्ष का स्नेह मिलन रविवार को दोपहर 12 बजे से ओकलीपुरम स्थित माहेश्वरी भवन में किया जा रहा है। उपाध्यक्ष सज्जनराज मेहता ने बताया कि इस आयोजन में एसोसिएशन के सदस्य परिवार उपस्थित होंगे। अध्यक्ष कैलाश भन्साली और मंत्री राजेश भण्डारी ने बताया कि इस इस स्नेह मिलन के प्रायोजक निर्मला-मिलापचंद भंडारी परिवार हैं।

# 'आत्मा का स्वधर्म शांति, सुख, प्रेम आनंद और पवित्रता है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के चिकपेट के शिव मंदिर में अपने सत्संग कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए ग्वालियर बालाजी मठ मंदिर लोकन्यास के चेयरपर्सन पंडित भानुप्रताप दुबे ने कहा कि सकारात्मक सोच रखने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है।

सकारात्मक सोच रखने से तनाव, चिंता और अवसाद कम होता है। सकारात्मकता आपके मस्तिष्क को शांत और आशावादी तरीके से सोचने और स्थितियों पर प्रतिक्रिया करने के लिए प्रशिक्षित करने का कार्य है। इसका परिणाम जीवन में बदलाव लाता है। परमार्थ यानी परम अर्थ को पाने का प्रयास ही साधना है, परमात्मा को सर्वोच्च आत्मा माना जाता है। आत्मा का निवास स्थान भृकुटी के मध्य में है। आत्मा अजर अमर है अविनाशी है। आत्मा का स्वधर्म शांति, सुख, प्रेम आनंद और पवित्रता है। आत्मा को हम सूक्ष्म आंखों से नहीं देख सकते। आत्मा निराकार ज्योति बिंदु स्वरूप और अति सूक्ष्म है। आत्मा ही वह ऊर्जा पुंज है जो शरीर को चलाती है। परमात्मा शिव परम आत्मा है, और सर्व आत्माओं में सबसे ऊंचे हैं। पंडित भानू प्रताप ने कहा कि शिव का अर्थ कल्याण स्वरूप है और आंतरिक दोषों के प्रतीक परम पिता परमेश्वर ही दोषों को नष्ट करते हैं। परमात्मा शिव स्वरूप में ज्योति बिंदु और गुणों में सागर के समान है। परमात्मा शिव देह रहित निराकार स्वरूप धारी हैं, और महान परोपकारी है। सदा रहने वाली शांति और

शक्ति देते हैं। आत्मा परमात्मा की ही संतान है।



# जैन विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए टीपीएफ ने किया कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम बेंगलूरु सेंट्रल ने जैन विद्यालय में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम 'शिखर की ओर' का आयोजन किया गया। पुष्पराज चोपड़ा ने स्वागत भाषण दिया। टीपीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिम्मत मांडोत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को 3 आर समीक्षा अनुसंधान के माध्यम से कैरियर निर्माण की बात कहीं। सीए श्रीपाल जैन और राजदीप मनवानी ने कहा कि हम जो करते हैं उससे प्यार करना महत्वपूर्ण है, बजाय इसके कि हम जो प्यार करते हैं उसे करें। राजदीप ने कहा कि किसी भी चीज़ में अच्छा दिखने से ज़्यादा ज़रूरी है उसमें अच्छा महसूस करना।

सीए हरि कृष्ण, सीएस आशीष परमार, सीए नितिन सुराणा, हितेश गिरिया, डॉ भानु प्रकाश, वरुण हैंडर, भूमिका, विवेक, डॉ निशा मेहता, रवि सेठिया इन सभी प्रमुख हस्तियों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम संयोजक डिंपल जैन और यशवीर जैन रहे। टीपीएफ के पूर्व अध्यक्ष निर्मल संचेती, जितेन्द्र दुगड़ और हितेश गिरिया, दक्षिण क्षेत्र सचिव भरत भंसाली, बेंगलूरु सेंट्रल ब्रांच के अध्यक्ष पुष्पराज चोपड़ा और सचिव वर्षा जैन, बेंगलूरु वेस्ट ब्रांच के अध्यक्ष ललित बेंगानी भी उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में 250 से अधिक विद्यार्थियों और अभिभावकों ने भाग लिया। संचालन राहुल जैन ने किया। दीक्षा गिरिया और पूजा खिवेंसरा ने वक्ताओं का परिचय दिया। शाखा सचिव वर्षा जैन ने धन्यवाद दिया।

# भगवान पार्श्वनाथ का जन्मकल्याणक सामायिक के रूप में मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, तमिलनाडु के तत्वावधान में साहुकारपेट के स्वाध्याय भवन में तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक सामायिक दिवस के रूप में मनाया गया। वरिष्ठ स्वाध्यायी गौतमचन्द मुणोत व कांतिलाल तातेड़ के संग उपस्थित श्रद्धालुओं ने तुमसे लगी लगन, ले लो अपनी शरण, पार्श्व प्यारा प्रार्थना करते हुए पार्श्वनाथ की स्तुति की। स्वाध्यायी आर वीरेन्द्र कांकरिया ने प्रभु पार्श्वनाथ के गुणगान में हृदयस्पर्शी भाव प्रस्तुत किए।

श्रावक संघ,तमिलनाडु के निवर्तमान कार्याध्यक्ष आर नरेन्द्र कांकरिया ने पार्श्वनाथ भगवान के मरुभूति के भव से प्रमुख दस भवों का नाम सहित उल्लेख करते हुए बताया कि बालक पार्श्व का जन्म वाराणसी में महाराजा अश्वसेन व महारानी वामादेवी के यहां चोईसवे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 250 वर्षों पूर्व हुआ । उन्होंने, बालक पार्श्व के नामकरण का मुख्य कारण बताते हुए बाल्यकाल से युवा अवस्था वैराग्य पर प्रकाश करते हुए बताया कि पौष कृष्ण एकादशी को तीस वर्ष की युवा वय में दीक्षित हुए। अनेक उपसर्गो व असुर मेघमाली व धरणेन्द्र देव की घटना व दीक्षित होने के 84 वें दिन केवलज्ञान होने के पश्चात देवताओं द्वारा समवशरण की रचना आदि चरित्रमय जीवन की प्रमुख घटनाओं का विस्तृत चित्रण धर्मसभा में रखा। उनके शासनकाल में चातुर्याम महाव्रतों में पांचवे महाव्रत का समावेश था व उपदेशों से प्रेरित होकर उनके माता व पिता संग अनेको ने भागवती दीक्षा ग्रहण की। भगवान पार्श्वनाथ के मुखारविन्द से दीक्षित साधु 16000, साध्वी 38000, गणधरों 10,केवली 1000, अवधि ज्ञानी 1400, मन:पर्यवज्ञानी 750,चौदह पूर्वधारी 350, वादी 600 श्रावक 164000, श्राविकाओं 327000 की संख्या व अनुयायियों की संख्या करोड़ों में रही व उनके शासनकाल में 1000 साधुओं व 2000 साध्वियों ने सिद्धि को प्राप्त किया का एवं सौ वर्ष की आयु में स्वयं पार्श्वनाथ सम्मेतशिखर पर्वत,बिहार में एक मास की अनशन तपस्या करते हुए सिद्ध, बुद्ध मुक्त हुए। भगवान पार्श्वनाथ के मुख्य शिष्य रत्न केशी श्रमण व भगवान महावीर स्वामी के प्रथम गणधर गौतम स्वामी के बीच मधुरता भरे मिलन व चर्चाओं का वर्णन धर्मसभा में किया।

धर्मसभा में रुपराज सेठिया अम्बालाल कर्णावट दीपक योगेश श्रीश्रीमाल लीलमचन्द बागमार महावीर कर्णावट उच्छबराज गांग आदि की उपस्थिति रही। वरिष्ठ श्रावक रत्न सोहनलाल झामड ने मांगलिक दी।

# इमरान खान ने पाकिस्तान के साथ वार्ता से पहले पार्टी की टीम के साथ बैठक की मांग की

इस्लामाबाद/भाषा। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पाकिस्तान सरकार के साथ बातचीत के लिए अपनी पार्टी की समिति के प्रवक्ता के रूप में एसआईसी प्रमुख साहिबजादा मोहम्मद हामिद रजा को नामित किया है और प्रक्रिया को सार्थक बनाने के लिए अपनी वार्ता टीम के साथ बैठक की मांग की है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक 72 वर्षीय खान ने अपनी पार्टी की मांगें भी रखीं और कहा कि अगर सरकार सहमत हो जाती है तो वह पहले घोषित सविनय अवज्ञा आंदोलन स्थगित कर देंगे। सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के अध्यक्ष रजा नेशनल असेंबली (संसद) के सदस्य हैं और मानवाधिकारों पर नेशनल असेंबली की स्थायी समिति के अध्यक्ष भी हैं। एसआईसी पीटीआई की गठबंधन सहयोगी है। पीटीआई नेता ने यह घोषणा मंगलवार को रावलपिंडी की अडियाला जेल में अपने वकीलों के साथ बैठक के दौरान की, जहां वह पिछले साल से कैद हैं।

# जाप अनुष्ठान के साथ मनाया गया तीर्थंकर पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव

बेंगलूरु। जयगच्छीय जैन संत डॉ. पदमचंद्र महाराज की सुशिष्याएं जैन समणी डॉ. सुयशनिधिजी एवं डॉ. सुयोगनिधिजी के पावन सान्निध्य में जेपीपी. जैन समणी सेंटर में पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव का जाप अनुष्ठान का आयोजन रखा गया। इस मौके पर डॉ. समणी ने कहा कि जाप अनुष्ठान न केवल धार्मिक बल्कि मानसिक और आत्मिक विकास का भी माध्यम है। इसका नियमित अभ्यास जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होता है। जाप अनुष्ठान भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

यह आत्मिक शुद्धि, मन की एकाग्रता और अपने आराध्य के साथ आध्यात्मिक संबंध स्थापित करने का माध्यम है।

## विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




बेंगलूरु के शिव गौ सेवा मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राजराजेश्वरीनगर स्थित प्रभुपाद गौशाला में नववर्ष कैलेंडर का विमोचन करते हुए महेंद्र मुणोत, गौशाला के प्रमुख आनंदकृष्ण दास, मोतीलाल माली, श्रवण माली, हनुमान माली, बाबूलाल माली, राकेश कुमावत, विक्रम देवासी एवं अन्य गौ भक्त ।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.